



राष्ट्र का एकमेव... महात्मा गांधी के सिद्धांतों का संवाहक

# लोक सदन

कोरबा और रायपुर से एक साथ प्रकाशित प्रातः दैनिक

डाक पंजीयन क्रमांक
जी 2-112/सीजी/बी.एल.पी./072/2022-2024

संस्थापक – अमित नवरंगलाल (संपादकीय 7747920885 8770646952 )

आर.एन.आई.रजि. क्र.
( CHHHIN/2010/33639 )

कोरबा, शनिवार 21 दिसंबर 2024

कुल पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रु.


वर्ष - 15

अंक - 213

Epaper : www.loksadan.com

Email : loksadan@gmail.com


## अग्रलेख




## मुक्तिबोधः एक अधूरी कविता, अच्छा पार्टनर ! अब कार्यक्रम में मिलेंगे ....

– सुरेशचंद्र रोहरा –

गजानन माधव मुक्तिबोध, जिन्हें हम मुक्तिबोध के नाम से जानते हैं, हिंदी साहित्य के एक महान कवि और लेखक थे। उनकी कविताओं में एक अनोखी गहराई और भावनात्मकता है, जो पाठकों को आकर्षित करती है।



जयप्रकाश

मुक्तिबोध की जीवनी एक दिलचस्प और जटिल कहानी है। जिसे लिखा है प्रोफेसर जयप्रकाश ने यह किताब लगभग 1300 प्रस्तों में विस्तारित है जिसे सेतु प्रकाशन में प्रकाशित किया है और आज कोरबा में जयप्रकाश जी का आगमन हो रहा है। प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में उनका सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुक्ति बोध का जन्म 1917 में रायपुर में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे और उनकी माता एक घरेलू महिला थीं। मुक्तिबोध के बचपन से ही उनमें साहित्य और कविता के प्रति रुचि थी। मुक्तिबोध ने अपनी शिक्षा रायपुर और नागपुर में पूरी की। इसके बाद, उन्होंने अपना साहित्यिक जीवन शुरू किया और कविताएं लिखना शुरू किया। उनकी कविताएं जल्द ही पाठकों के बीच लोकप्रिय हो गईं और उन्हें हिंदी साहित्य के एक प्रमुख कवि के रूप में मान्यता मिली।मुक्तिबोध की कविताओं में एक अनोखी गहराई और भावनात्मकता है। उनकी कविताएं जीवन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित हैं, जैसे कि प्रेम, दर्द, संघर्ष और मुक्ति। उनकी कविताएं एक ऐसी दुनिया की ओर इशारा करती हैं जो हमारे आसपास की दुनिया से बहुत अलग है। प्रोफेसर जय प्रकाश ने मुक्तिबोध की जीवनी पर एक पुस्तक लिखी है, जिसका नाम मै एक अधूरी कविता है। यह पुस्तक मुक्तिबोध के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है और उनकी कविताओं के पीछे की कहानी को उजागर करती है। अशोक वाजपेयी ने इस पुस्तक के बारे में लिखा है, मुक्तिबोध ने अपने पांच दशकों से भी कम जीवन में, लगता है, कई जीवन एक साथ जिये। उस जीवन के अथक संघर्षों, बेचैनियों, विफलताओं और विडंबनाओं, वैचारिक यात्रा आदि को विस्तार में समेटते हुए जय प्रकाश ने यह दीर्घ जीवनी लिखी है। यह पुस्तक मुक्तिबोध के जीवन और कविताओं के बारे में एक गहरी और विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। यह पुस्तक उन लोगों के लिए एक आवश्यक पढ़ाई है जो मुक्तिबोध की कविताओं और जिंदगी के पीछे की कहानी को जानना चाहते हैं। मुक्तिबोध की कविताएं हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी कविताएं हमें जीवन की जटिलताओं और विडंबनाओं के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी कविताएं हमें जीवन की सुंदरता और दर्द के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी कविताएं हमें जीवन की जटिलताओं और विडंबनाओं के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करती हैं। अच्छी बात पार्टनर...! अब आपसे हम कार्यक्रम स्तर पर मिलेंगे।



सुरेशचंद्र रोहरा

## वर्मा जी बनाम भौकाल

### चौपाल में खुला जिम

– नीरव वर्मा, विशाखापट्नम–



आज वर्मा जी के चौपाल का दृश्य देखने लायक था । नखडूवा भी भौंचक्का रह गया । हो भी क्यों न ? चौपाल के बड़े कमरे में जिम जैसी व्यवस्था की गई थी। ट्रेडमिल, एक्सरसाइज बाइक , फ्री वेट उपकरण जैसे डंबल, पावर रैक, वेट बेंच और पुल अप बार जैसे कई तरह के उपकरण सजा कर रखे गए थे। नखडूवा ने तंज कसा । सही किया वर्मा जी आपने । राजनीतिक चर्चा के लिए तो आपके चौपाल में कोई आने से रहा ,कम से कम बॉडी बिल्डिंग के इच्छुक लोग आपकी इस नई जिम में आएंगे। कुछ पैसा भी कमा लेंगे आप।

वर्मा जी नखडूवा की नादानी पर मुस्कुराये और बोले । नहीं रे नखडूवा, ये जिम मेरे ओरिजिनल चौपाल का ही एक हिस्सा है ।क्योंकि अब सिर्फ राजनीति सीखकर या विरासत से लेकर आप सफल नेता नहीं बन सकते । अब आपको अपनी बॉडी और पहलवानी कला पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा । जब ज्यादा लोग इस चौपाल और इसके जिम से जुड़ जाएंगे तो हम उनसे धक्का मुक्की वाले मॉक ड्रिल भी करवाएंगे ताकि जब वो देश के नेता बन जायें तो वो धक्का देने में , दूसरे को गिराने में और अपने आप को सुरक्षित रखने की क्रिया में पारंगत हों। दरअसल जो इस विधा में पारंगत ना हो , उसे चुनाव में टिकट भी नहीं देना चाहिये।

हम यहाँ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एरोबिक एक्सरसाइज करवाएँगे जिससे शरीर की मांसपेशियां, लिगामेंट्स, ज्वाइंट्स प्रॉपर शेप में रहेंगे और शरीर मजबूत और लचीला रहेगा । तभी आप धक्का मुक्की में अव्वल आएंगे । ... शेष पृष्ठ 2 पर

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का 89 साल की उम्र में निधन

गुरुग्राम,20 दिसंबर ( आरएनएस )।



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में परेशानी थी और बीते कई साल से उनका इलाज चल रहा था। आज अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दोबारा मेदांता में ले जाया गया था।वह भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के सबसे बड़े बेटे थे।

चौटाला का जन्म 1 जनवरी, 1935 को डबवाली के चौटाला गांव में हुआ था।2 दिसंबर, 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे और 22 मई, 1990 तक पद पर रहे।12 जुलाई, 1990 को चौटाला ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन 5 दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा।22 अप्रैल 1991 को चौटाला ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला।जुलाई, 1999 में चौटाला चौथी और मार्च, 2000 में 5वीं बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा, ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन का दुखद समाचार मिला। प्रदेश के विकास में उनके अहम योगदान को सदैव याद किया जाएगा। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, कांग्रेस की राजनीति में वे बहुत लंबे समय तक साथ रहे। विधानसभा में भी हम साथ रहे। वे मेरे बड़े भाई की भूमिका में थे।




**कोरबा, 20 दिसंबर ( लोकसदन ब्यूरो )।** संपादक सुरेशचंद्र रोहड़ा का आज ग्राम गोढ़ी में एक सामाजिक कार्यक्रम में सम्मान किया गया। गुरु घासीदास जयंती श्रृंखला में 20 दिसंबर को गोढ़ी में यूं आर महिलांगे के आतिथ्य में जैतखंभ की स्थापना पूजन किया गया। तत्पश्चात शाल श्रीफल भेंट कर विपीन साहू आदि ने सम्मानित किया।

### राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी ट्रांसफर

## संसद धक्का-मुक्की कांड की जांच करेगी क्राइम ब्रांच

*दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि संसद में में हुई हाथापाई की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है. क्राइम ब्रांच विवाद को लेकर बीजेपी और कांग्रेस, दोनों की शिकायतों की जांच करेगी. साथ ही राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है.*

नई दिल्ली, 20 दिसंबर ( एजेंसी )।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पार्लियामेंट परिसर में हुए धक्काकांड को लेकर विवाद जारी है. बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियां एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं. धक्का-मुक्की में बीजेपी के दो सांसदों के घायल होने के लेकर दिल्ली पुलिस ने शिकायत के आधार पर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी. वहीं कांग्रेस ने भी बीजेपी सदस्यों के खिलाफ शिकायत दी है. अब दिल्ली पुलिस ने शिकायतों दो क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है.

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि संसद में में हुई हाथापाई की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है. क्राइम ब्रांच विवाद को लेकर बीजेपी और कांग्रेस, दोनों की शिकायतों की जांच करेगी. साथ ही राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है. वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग प्रमुख विजया रहाटकर ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से राहुल गांधी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस तरह का अनैतिक व्यवहार आगे न हो.

### कैसे शुरू हुआ धक्काकांड?




गुरुवार को आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में कांग्रेस पार्टी संसद में प्रोटेस्ट कर रही थी. ठीक इसी समय बीजेपी भी कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थी. इस बीच गुरुवार सुबह 10.40 बजे कांग्रेस प्रोटेस्ट करते हुए संसद के मकर द्वार तक आ रही थी. इसी समय बीजेपी मकर द्वार पर खड़ी थी. इस तरह बीजेपी और कांग्रेस के सांसद एक दूसरे के ठीक सामने थे. दोनों ओर से नारेबाजी होने लगी. यह घटनाक्रम लगभग 20 मिनट तक चला. कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी सांसदों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और उनसे धक्का मुक्की. बीजेपी का भी ठीक यही कहना है. बीजेपी का आरोप है कि इस बीच राहुल गांधी ने एक सांसद के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे वो सांसद बीजेपी एमपी प्रताप सारंगी के ऊपर गिर गया. इस धक्का-मुक्की में सारंगी और बीजेपी के एक और सांसद मुकेश राजपूत घायल हो गए. इस पूरे घटनाक्रम पर प्रताप सारंगी ने कहा कि मैं सीढ़ियों पर खड़ा था. राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वो सांसद मेरे ऊपर गिर गए, जिससे मैं गिर गया और चोट लग गई. कांग्रेस के राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि असल में बीजेपी सांसदों ने राहुल गांधी को घेर लिया. बीजेपी सांसदों ने राहुल गांधी को जानबूझकर रोका. उन्होंने उनका रास्ता रोक लिया. हमने इस संबंध में स्पीकर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है. कांग्रेस के एक अन्य सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हर किसी ने देखा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं ने अमित शाह से इस्तीफे की मांग को लेकर आंबेडकर की प्रतिमा के पास प्रोटेस्ट किया. इसके बाद हमने संसद के भीतर जाने की कोशिश की लेकिन बीजेपी ने हमारा रास्ता रोक लिया और हमें संसद के भीतर नहीं जाने दिया. इस झड़प के दौरान हमारे नेता मल्लिकार्जुन खड़गे गिर गए. कई लोग गिरे.

### महिला सांसद ने भी लगाया राहुल गांधी पर आरोप

नगालैंड की बीजेपी सांसद फांगनोन कोन्याक ने कहा कि मैं राज्यसभा के चेयरमैन से मिल चुकी हूं. मैं अपनी सुरक्षा की मांग करती हूं. मेरा दिल अभी बहुत भारी है. आज में बाहर शांतिपूर्ण ढंग से प्रोटेस्ट कर रही थी. राहुल गांधी बहुत करीब आकर खड़े हो गए. मैं असहज हो गई थी. राहुल गांधी मेरे ऊपर चिल्लाने लगे. यह उनको शोभा नहीं देता कि एक महिला पर वो ऐसे चिल्लाएं.

### मुंबई नाव हादसा

## पुलिस का नौसेना से सवाल- व्यस्त समुद्री मार्ग पर क्यों किया ट्रायल रन?



मुंबई,20 दिसंबर ( आरएनएस )।

महाराष्ट्र में मुंबई तट के पास स्पीड बोट के यात्री नाव से टकराने के मामले में कोलाबा थाना पुलिस गहन जांच में जुट गई है।पुलिस ने भारतीय नौसेना और महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड को पत्र लिखकर कई अहम सवाल पूछे है।पुलिस ने पूछा कि इतने व्यस्त समुद्री मार्ग पर ट्रायल रन क्यों किया गया और इसके लिए अनुमति किसने दी थी ?पुलिस सूत्रों का कहना है कि ट्रायल के लिए लागू प्रोटोकॉल की भी जांच की जा रही है।

मुंबई पुलिस यह भी पता लगा रही है कि नाव में क्षमता से अधिक सवारियां तो नहीं बैठी थी।अब तक की जांच में सामने आया है कि नौसेना की नाव के इंजन में समस्या थी, जिसके कारण वह नियंत्रण खो बैठी और यात्री नाव से जा टकराई। नौसेना ने हादसे के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी भी गठित की है।इस बीच, अधिकारियों ने गेटवे ऑफ इंडिया से नाव की सवारी के दौरान लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य कर दिया है।

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से गत 18 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे नीलकमल नाम की नाव 100 से अधिक पर्यटकों को एलीफेंटा गुफाओं की ओर ले जा रही थी।तभी भारतीय नौसेना का स्पीड बोट तेजी से नाव की तरफ आई और उससे टकरा गया। टक्कर के बाद यात्री नाव पलट गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई।इस संबंध में पुलिस ने नौसेना चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### सुप्रीम कोर्ट से लोगों को बड़ी राहत

## डीएनडी फ्लाईवे को टोल फ्री ही रखने के निर्देश

नईदिल्ली,20 दिसंबर ( आरएनएस )।

दिल्ली को नोएडा को जोड़ने वाले डीएनडी फ्लाईवे पर टोल वसूली बंद रहेगी।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को टोल वसूली शुरू करने के लिए नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटी बीसीएल) की ओर से इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ की गई अपील को खारिज कर दिया गया है।

जस्टित सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि फ्लाईवे पर टोल वसूली बंद करने का हाई कोर्ट का आदेश सही था और इस पर आगे भी टोल वसूली बंद रखी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, टोल वसूली



जारी रखने की कोई वजह नहीं है। हम टोल वसूलने के समझौते को अवैध मानते हैं और याचिका खारिज करते हैं।कोर्ट ने एनटीबीसीएल को टोल वसूली की जिम्मेदारी सौंपने के लिए नोएडा प्राधिकरण की खिंचाई की और कहा कि इससे कंपनी को अन्यायपूर्ण लाभ हुआ है।कोर्ट ने कहा, प्राधिकरण ने एनटीबीसीएल को काम सौंपकर अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है।

## जया बच्चन का भाजपा सांसदों पर तंज

**नईदिल्ली,20 दिसंबर ( आरएनएस )।** संसद परिसर में गुरुवार को भाजपा और विपक्षी सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की में घायल भाजपा सांसदों को लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने तंज कसा और इसे नाटक बताया।उन्होंने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, सारंगी जी नाटक कर रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन में ओडिशा में क्या-क्या किया था। ये सब बेकार है। हम लोग संसद के अंदर जा रहे थे, ये लोग (भाजपा) हम लोगों को अंदर नहीं जाने दे रहे थे।राज्यसभा सांसद ने आगे कहा, अगर आपको सीढ़ियों से ऊपर चढ़ना है, तो सारी सीढ़ियों पर मोटे-मोटे लोग खड़े थे।


### किराए से देना है

कोरबा-चांपा मेन रोड
उरगा में लॉज एवं रेस्टोरेंट
सेटअप समेत किराए से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

मो.नं. 7067043721, 9131569025


## दिल्ली की हवा सांस लेने लायक नहीं, वायु गुणवत्ता बेहद गंभीर स्तर पर पहुंची

नईदिल्ली,20 दिसंबर ( आरएनएस )।

दिल्ली में ठंड बढ़ने के साथ ही हवा की गुणवत्ता भी बिगड़ती जा रही है। शुक्रवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 434 से अधिक दर्ज किया गया है, जो गंभीर मानी जाती है।हालांकि, इससे पहले गुरुवार शाम 4 बजे औसत एक्यूआई 451 दर्ज किया गया, जो बेहद गंभीर स्तर में आती है। इसमें अभी सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 से अधिक है।?शुक्रवार सुबह 8 बजे दिल्ली के 35 निगरानी स्टेशनों में से अधिकतर में एक्यूआई 450 से ऊपर दर्ज किया गया है। इनमें रोहिणी, आरके पुरम, मुंडका, सिरीफोर्ट, द्वारका सेक्टर- 8 और वजीरपुर शामिल हैं।दिल्ली में लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर बनी हुई है। सुबह कोहरे की वजह से प्रदूषण अधिक है, लेकिन दोपहर को हवा चलने और धूप निकलने पर यह कम होती है।

### दिल्ली में बारिश की संभावना

## हिमाचल और हरियाणा में पारा शून्य के करीब पहुंचा


नईदिल्ली,20 दिसंबर ( आरएनएस )।

दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों में ठंड का असर जारी है। हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दिल्ली में शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री कम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सुबह कोहरे की धुंध छाने से दृश्यता प्रभावित हुई है। आईएमडी ने 23 और 26 दिसंबर को दिल्ली में बारिश की संभावना जताई है। इससे प्रदूषण कम होगा।


मैदानी इलाकों में हरियाणा का हिसार सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि हिमाचल प्रदेश के भुंतर में तापमान शून्य पहुंच गया।राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी कड़ाके की सर्दी है। राजस्थान के करौली में तापमान 1.3 डिग्री दर्ज हुआ। सीकर और झुंझनू में पत्तों पर बर्फ जमी दिखी।माउंट आबू समेत 5 शहरों में पारा 4 डिग्री और मध्य प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 8 डिग्री से नीचे है।आईएमडी ने संभावना जताई है कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और झारखंड में कोहरे से दृश्यता प्रभावित हो सकती है। यहां शीतलहर भी चलेगी।आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, ओडिशा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश की संभावना है।जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में पारा शून्य के नीचे माइनस में है। यहां झरने और नदियां जमती दिख रही हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस है।

## प्रगतिशील लेखक संघ का प्रतिष्ठापूर्ण

### आयोजन



गजानंद माधव “मुक्तिबोध“ की जीवनी
” मैं अधूरी दीर्घ कविता ”
के लेखक और प्रखर आलोचक ”प्रो. जयप्रकाश जी”
का सम्मान एवं व्याख्यान



दिनांक – 21.12.2024 शनिवार

स्थान – तिलक भवन,प्रेस क्लब कोरबा(छ.ग.)



प्रस्तुति -कंवरलाल मनवानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा

# मुख्यमंत्री से मिले विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आये मुंगेली जिले के बच्चे

**रायपुर, 20 दिसंबर (लोकसदन ब्यूरो)।**



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में मुंगेली जिले से विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आये बच्चों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों से बहुत ही आत्मीयता से मुलाकात की और विनोदपूर्वक बच्चों से पूछा- कौन-कौन आएंगे राजनीति में। मुख्यमंत्री श्री साय का सवाल सुनकर कई बच्चों ने हाथ उठा कर राजनीति में आने की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढाई करने और शैक्षणिक भ्रमण के अवसर का लाभ उठाने की सीख दी।

आज मुंगेली ज़िले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, परसिया और संस्कार विद्या मंदिर, सकेल के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ विधानसभा के शैक्षणिक भ्रमण पर आए थे। मुख्यमंत्री श्री साय को बच्चों ने बताया कि अपने रायपुर भ्रमण के दौरान वे पुरखौती मुक्तांगन, स्वामी विवेकानंद विमानतल, मंत्रालय महानदी भवन, इंद्रावती भवन और बंजारी मंदिर का भी भ्रमण करेंगे। विधानसभा भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक श्री धरम लाल कौशिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसिया और संस्कार विद्या मंदिर सकेल के विद्यार्थी तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# गंगरेल मानव वन एवं शिवा रिसॉर्ट के बीच में मिले शव,की हत्या का हुआ खुलासा

**धमतरी, 20 दिसम्बर (आरएनएस)।**

दिनांक 03-12-24 को मानव वन के आगे गंगरेल के रोड किनारे एक लावारिस हालत में मोटर साइकिल खड़ी होने की सूचना मिली रुद्री पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर मोटरसाइकिल के संबंध में पतासाजी किया गया जो उसके गाड़ी पर लगे स्टीकर एवं नेम प्लेट के आधार पर हर्ष ऑटो नगरी में पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त गाड़ी बीरेंद्र देवांगन की होना पाया गया जिसका थाना सिहावा में गुम इंसान दर्ज है। उक्त गुम व्यक्ति की खोजबीन थाना रुद्री एवं साइबर स्टॉफद्वारा की जा रही थी उसी दौरान दिनांक 06-12-24 को सुबह 7:00 के आसपास पुलिस टीम को मानव वन एवं शिवा रिसॉर्ट के बीच में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला जिसकी पहचान बीरेंद्र देवांगन के रूप में हुई,जिसकी सिहावा थाने में गुम इंसान दर्ज है बाद में शव पंचनामा एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की आशंका होने पर रुद्री थाना एवं साइबर टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के द्वारा लगातार पतासाजी किया जा रहा था।

जिसमें संदिग्ध व्यक्ति सुखवंत साहू उर्फ़ सुखु को पकड़कर, कड़ाई से सात दिवस तक लंबी पूछताछ करने पर अपने दोस्त बीरेंद्र देवांगन को आपसी रंजिश के चलते उसके सर पर हेलमेट से वार कर हत्या करना कबूल किया। आरोपी सुखवंत उर्फसुखु पिता खुमान सिंह साहू उम्र 37 वर्ष को थाना रुद्री में अपराध क्रमांक 76/24 धारा 103 (1) में बीएनएस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। आरोपी का नाम-: सुखवंत उर्फसुखु पिता खुमान सिंह साहू उम्र 37 वर्ष साकिन धनोरा जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़ ) उक्त कार्यवाही में साइबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे,थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश मरई,उप निरी.लक्ष्मीकांत शुक्ला थाना रुद्री से सउनि.उमेश शुक्ला,प्रआर. संतेर सोरी,बिरेन्द्र लारेंद्र,आर. प्रदीप ठाकुर,सायबर टीम से प्रआर.लोकेश नेताम, योगेश ध्रुव,कमल जोशी,कृष्णा पाटिल,युवराज ठाकुर,फ्नेंस साह,विकास द्विवेदी,आनंद कटकवार,योगेश नाग,दीपक साहू,मनोज साहू,गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा।

# बीसीएस पीजी कॉलेज में हुआ साइकिल रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन

**धमतरी, 20 दिसंबर (आरएनएस)।**

सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम के तहत जिले में अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित कर प्रदेश सरकार के एक साल की उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी जा रही है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्थानीय बाबु छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में संगोष्ठी एवं साइकिल रैली का आयोजन हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम 09 दिसंबर से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया। राजनीति शास्त्र विभाग से प्रो. निशा तिवारी ने कहा कि महतारी वंदन योजना से राज्य की माताओं को अपना घर चलाने में सहयोग मिल रहा है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो आकांक्षा मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में धमतरी जिले को अनेक प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। जल जीवन मिशन, फसल चक्र परिवर्तन जैसे अनेक क्षेत्रों में जिले के गांवों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। एनसीसी केयर टेकर दिनेश्वर सलाम ने शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी प्रो कृष्ण कुमार देवांगन ने किया। इसके उपरांत महाविद्यालय से अंबेडकर चौक तक साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक संकेत कुमार साहू, विभा पांडे, मोनिका, संदीप, परमानंद, अभिलाषा, वीणा, महिमा, कुलदीप, एनसीसी कैडेट फ़िरोज, वारुणी, इंद्रेश, डिगेश्वरी एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय में वॉक इन इंटरव्यू 26

**धमतरी, 20 दिसंबर (आरएनएस)।**

जिले में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सेकेण्डरी स्तर कक्षा नवमीं से बारहवीं हेतु धमतरी और नगरी विकासखण्ड में रिक्त स्पेशल एजुकेटर के पदों की एक निश्चित मानदेय पर भर्ती किया जाना है। कलेक्टर एवं मिशन संचालक सुनम्रता गांधी के निर्देश पर स्वीकृत पद हेतु आगामी 26 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार रूद्री रोड स्थित विकासखण्ड स्त्रोत कार्यालय (बीआरसीसी) धमतरी में आयोजित किया जाएगा।

### आगामी 23 तारीख को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव

# युवा कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर किया पोस्टर लांच, विष्णु सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने को बताया कुशासन

**जांजगीर-चांपा, 20 दिसंबर (लोकसदन ब्यूरो)।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी के कुशासन की सरकार को एक वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

यह एक वर्ष छत्तीसगढ़ वासियों के लिए काफी दुख:द व चिंताजनक स्थिति भर रहा, प्रदेश में लगातार बढ़ते आपराधिक मामले, नशे के व्यापार में बढ़ोत्तरी, किसानों से की गयी वादाखिलाफी, धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, बारदाना की कमी, नौकरी के नाम पर युवाओं के साथ छलावा, 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के झूठे वादों, बढ़ती महंगी बिजली दरें, परसा में अडानी समूह द्वारा समय से पूर्व हो रहे अधिक खनन, प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही वादा खिलाफी व प्रदेश के अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर पोस्टर लांच करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब जी के नेतृत्व में 23 दिसंबर 2024 को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। उक्त बातें जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया, प्रदेश युवा कांग्रेस महामंत्री गौरव सिंह, विधान सभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला पूर्व एल्डरमेन हीरा उपाध्याय नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेश भोलू यादव इंजी आकाश सिंह की उपस्थिति में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होने प्रदेश भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का



आरोप लगाते हुए आगे कहा कि राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से 200 से अधिक युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गांधी मैदान के पास आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**पिछले 1 साल में युवाओं के भविष्य का नहीं कोई ठिकाना**

चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा मोदी की गारंटी के तहत एक साल के भीतर 1 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का वादा किया गया था, किन्तु विगत 1 वर्ष में न तो 33 हजार शिक्षाकर्मियों की भर्ती की गयी बल्कि उच्च शिक्षा विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के लिए लगभग 1300 पदों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरने की कार्यवाही की जा रही है। हर विभाग में लगातार छठनी की जा रही है इसके विरोध में पूरे प्रदेश में युवाओं द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है।

**राजधानी बनी छूराधानी**

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के उपरांत राजधानी रायपुर में प्रतिदिन छूरेबाजी की घटनाएँ हो रही हैं। राजधानी रायपुर के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। अपराध रोकने में प्रदेश भाजपा सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। आनलाईन खतरनाक चाकूओं की हजारों की संख्या में की गयी जप्ती से कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। अबतक एक साल में राजधानी रायपुर में 6 गोलीबारी और 80 हत्याएं हो चुकी हैं।

**किसान बदहाल**

चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी के तहत किसानों से प्रतिएकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपये की दर से एकमुश्त पंचायत के माध्यम से खरीदने का वादा किया गया था किन्तु धान के एकमुश्त भुगतान का वादा सरकार भूल चूकी है केवल 2300 रूपये समर्थन मूल्य का भुगतान और 10-12 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदी जा रही है किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है, मंडियों में धान का उठाव अबतक केवल 22 प्रतिशत हुआ है, बारदाने की भारी कमी है । धान की तौलाई में घपला हो रहा है, वहीं सरकार द्वारा रवि फसल में धान लगाने पर जुर्माना देने की बात कही जा रही है।

**जनसुरक्षा बदहाल**

डकैती की वारदातें हो रही हैं। जनता में खौफ का माहौल बना हुआ है। कवर्धा लोहारीडीह हत्याकांड, निर्दोष आदिवासियों पर वार, बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय में आगजनी, सूरजपूर में पुलिसकर्मी की पत्नी व बच्ची की हत्या जैसे कांड से जनसुरक्षा बदहाल है।

**एक पौधा मां के नाम, हसदेव जंगल बाप के नाम**

पर्यावरण बचाने एक पौधा मां के नाम लगाने का भाजपा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, वहीं हसदेव के जंगल को अपने उद्योगपति मित्र अडाणी के हवाले करते हुए लगभग डेढ़ लाख से अधिक पौधों की कटाई की जा चुकी है। जंगल कटाई का विरोध करने वाले भोले भाले आदिवासियों पर बर्बरतापूर्ण कार्यवाही करते हुए उनकी आवाज को रोका जा रहा है।

**... प्रथम पृष्ठ का शेष**
**वर्मा जी बनाम भौकाल....**

आज नखडूवा वर्मा जी की दूरदर्शिता पर हैरान था। वर्मा जी जारी थे । हाँ, हमने कुछ देशों की संसद में तथा अपने देश की विधानसभाओं में भी लात जूते चलाते हुए , मुक्का मुक्की करते हुए , टेबल कुर्सी पलटते हुए देश और राज्य के प्रतिनिधियों को देखा है , पर सब बंद हॉल में, अंदर होता था । परंतु इस बार तो अंदर जाने की नौबत ही नहीं आई , सब धक्का मुक्की बाहर गेट पर ही सम्पन्न हो गई। यहां तक कि एफ आई आर भी हो गया। क्यों रे नखडूवा ,है ना परिवर्तन ? तू बोलता था ना कि कुछ नया होना चाहिए , रोज संसद के भीतर तू तू मैं मैं वाली बहस से ऊब गया हूँ । लो हो गई , नई चीज । और देख इस नई चीज का प्रभाव, हमने चौपाल में फ्री वाला जिम भी खोल दिया। अब यहां पक्ष हो या विपक्ष,सभी दलों के लोग आएंगे क्योंकि अब तो टिकट पाने के लिए वर्जिश करना , बॉडी बनाना अनिवार्य हो जाएगा।

अब नखडूवा की बारी थी । बोला,पर एक बात समझ में नहीं आती , वर्मा जी। जब पक्ष और विपक्ष, मान लीजिये दोनों भले ही वोट के लिए ही, इस बात को स्वीकार करते हैं कि वे बाबा साहेब के अनुयायी हैं और बाबा साहेब उनके आदर्श हैं , तो दोनोँ मिलकर बाबा साहेब के सिद्धांतों को सही ढंग से लागू करने का प्रयास क्यों नहीं करते । एक दूसरे की निंदा और खुले आम धक्कम मुक्की कर के वो किसका ध्यान भटकाना चाहते हैं । असल मे, ये धक्का कुछ नेताओं को नही लगा है , ये धक्का आम जनता के अरमानों को लगा है, बाबा साहेब की आत्मा को लगा है , संविधान को लगा है और संसद को लगा है । नखडूवा भावुक हो गया था , ये बोलते बोलते।

# जिले में सुगमता से हो रही धान की खरीदी

**जशपुरनगर, 20 दिसंबर (आरएनएस)।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जशपुर जिले में सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी की सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। जिले में 14 नवम्बर से अब तक 70109.72 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक जिले के 11286 किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को भुगतान करने के लिए विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को लिकिंग व्यवस्था के तहत 1,61,35,07,960 रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा।


# बीसीएस पीजी कॉलेज में हुआ साइकिल रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन

**धमतरी , 20 दिसंबर (आरएनएस)।**

सुशासन के एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल कार्यक्रम के तहत जिले में अनेक कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित कर प्रदेश सरकार के एक साल की उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दी जा रही है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्थानीय बाबु छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में संगोष्ठी एवं साइकिल रैली का आयोजन हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम 09 दिसंबर से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया। राजनीति शास्त्र विभाग से प्रो. निशा तिवारी ने कहा कि महतारी वंदन योजना से राज्य की माताओं को अपना घर चलाने में सहयोग मिल रहा है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो आकांक्षा मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में धमतरी जिले को अनेक प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। जल जीवन मिशन, फसल चक्र परिवर्तन जैसे अनेक क्षेत्रों में जिले के गांवों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। एनसीसी केयर टेकर दिनेश्वर सलाम ने शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी प्रो कृष्ण कुमार देवांगन ने किया। इसके उपरांत महाविद्यालय से अंबेडकर चौक तक साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक संकेत वारुणी, इंद्रेश, डिगेश्वरी एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


### आयोग के सदस्य 25 को रहेंगे जिले के प्रवास पर

**धमतरी, 20 दिसंबर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव बीरू साहू और सहायक अनुसंधान अधिकारी श्रीमती अनिता डेकाटे आगामी 25 दिसम्बर को धमतरी जिले के प्रवास पर रहेंगे।

# विक्षिप्त महिला से अनाचार, आरोपी को मिली 10 साल की सजा

**बलौदाबाजार, 20 दिसंबर (आरएनएस)।**

मानसिक रूप से कमजोर महिला के साथ रेप करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है. दरअसल, पीड़िता बचपन से ही मासिक रूप से बीमार है. सुबह 4:30 बजे घर लौट रही पीड़िता को आरोपी ने हवस का शिकार बना लिया. मामले में पुलिस ने मामला दर्ज आरोपी को गिरफ्तार किया था. मामला भाटापारा ग्रामीण थाना का है। 20 सितंबर 2022 की सुबह 4:30 बजे पीड़िता खैरताल रेलवे पटरी पार शौच के लिए गई थी. जिसके बाद सुबह 5.30 बजे रोते हुए वापसी आई. पीड़िता ने अपने पति को बताया कि फ्रेश होकर लौटने के दौरान रेलवे पटरी के पास आरोपी दीनू ने उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया है. घटना की जानकारी पति ने साला और सास को बताई. उनके द्वारा भी पीड़िता से पूछने पर पूरी आपबीती बताई।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने एसपी की अनुशंसा पर जिले के तीन आदतन अपराधियों को 1 वर्ष के लिए किया जिला बदर

**धमतरी, 20 दिसम्बर (आरएनएस)।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धमतरी सुश्री नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के 03 बदमाशों को आगामी 01 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है।

01 वेदप्रकाश उपाध्याय पिता शंकर लाल उपाध्याय उम्र 29 वर्ष, साकीन महिला सागर वार्ड धमतरी, थाना-सिटी कोतवाली धमतरी,जिला धमतरी (छ.ग.)। हितेश नेताम पिता स्व.शंकर लाल नेताम,उम्र 23 वर्ष, साकिन मकेश्वर वार्ड धमतरी,थाना-सिटी कोतवाली धमतरी,जिला धमतरी (छ.ग.)। मुकेश सोनकर पिता राधेश्याम सोनकर उम्र 22 वर्ष साकिन विन्ध्यवासिनी वार्ड धमतरी,थाना-सिटी कोतवाली धमतरी,जिला धमतरी (छ.ग.)। सुश्री नम्रता गांधी द्वारा उक्त तीनों बदमाशों को उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं एक वर्ष की कालावधि के पहले सक्षम न्यायालय की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने के आदेश दिये गये हैं।उक्त आदेश का पालन नहीं करने पर उसे वैधानिक कार्यवाही कर/बल पूर्वक उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर निकाल दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यदि इसके बाद भी वह इस आदेश का उल्लंघन करे तो उसके विरूद्ध (छ0ग0) राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। वर्ष 2024 में अभी तक कुल जिला दंडाधिकारी के समक्ष 15 गुंडा बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया है जिसमें से अब तक कुल 10 बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही की जा चुकी है,बाकी के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।




# बीजापुर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**बीजापुर, 20 दिसम्बर (आरएनएस)।** जिले में एनआईए ने 4 अलग-अलग जगहों पर आज सुबह छापा मारा है. इसमें गंगालूर, आवापल्ली, तर्रेम और भैरमगढ़ के क्षेत्र शामिल है. इसके पहले एनआईए पालनार गांव में जांच कर चुकी है. पुलिस के आला अधिकारी इसे लेकर गोपनीयता बरत रहे है. कार्रवाई पूरी होने के बाद जानकारी देने की कह रहे बात है.


## शपथ पत्र
## इश्तहार

मै शपथकर्ता परदेशीराम कोराम पिता आनंद सिंह जाति गोड निवासी ग्राम सेंद्रीपाली तहसील हरदी बाजार , जिला कोरबा ( छ.ग. ) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ-

यह कि मै उपरोक्त नाम परदेशीराम कोराम व पत्ते का / स्थायी व मूल निवासी हूँ।

यह कि मेरे नाम परदेशीराम से भारतीय स्टेट बैंक / कियोस्क बैंक द्वारा जारी बैंक पासबुक खाता क्रमांक 3380279169 मे मेरा नाम पदरेशी राम अंकित हैं।

यह कि मेरे नाम से जारी परिचय पत्र जिसका EPIC NUMBER LTG0482869 मे मेरा नाम पदरेशी राम अंकित हैं जिसके आधार पर मेरा खाता खुला हुआ हैं।

यह कि संबन्धित विभाग द्वारा मेरे नाम से जारी आधार कार्ड मे मेरा नाम परदेशीराम कोराम अंकित हैं।

यह कि संबन्धित विभाग द्वारा मेरे नाम से जारी उक्त बैंक पासबुक मे मेरा नाम सुधारकर पदरेशी राम के स्थान पर परदेशीराम कोराम लिखा पढ़ा एवं समझा जावे ।

यह कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य एवं सही हैं असत्य पाये जाने पर उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

यह की संबन्धित विभाग मे उपरोक्त कथन के समर्थन मे मेरे द्वारा यह शपथ पत्र सादर निष्पादित हैं।

दिनांक: 19 दिसंबर 2024

परदेशीराम कोराम
शपथ कर्ता



## न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला - कोरबा (छ0ग0)

**-ईश्तहार -**

रा.प्र.क्र. 2024-2050700015
अ-6/2024-25
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम-कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक विशेष छाबड़ा पिता नरेश छाबड़ा निवासी ग्राम-कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला- कोरबा ( छ.ग. ) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 288/18 एवं 1301/8 रकबा क्रमशः 0.017 एवं 0.020 हे. जो राजस्व अभिलेख में आशु छाबड़ा पति नरेश छाबड़ा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक द्वारा खातेदार आशु छाबड़ा पति नरेश छाबड़ा का मृत्यु को हो जाने का लेख करते हुए राजस्व अभिलेखों से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 27.12.2024. को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
कटघोरा

खास @ न्यूज

## वार्ड 16 में विकास कार्यों का पार्षद ने किया भूमि पूजन



**लोकसदन 20 अगस्त 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**

नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने वार्ड के विभिन्न विकास कार्यों कब भूमि पूजन किया। उन्होंने वार्ड के जोगिया डेरा भवानी मंदिर के समीप रोड चौड़ीकरण लागत 4 लाख, पीपरपारा कोहड़िया में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य लागत 16.50 लाख कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड के लोगों को संबोधित करते हुए पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि इन 5 वर्षों में वार्ड का समुचित विकास करने का भरपुर प्रयास किया गय। सड़क, पेयजल, स्कूल, नाली, स्ट्रीट लाइट, मुक्तिधाम सहित प्रमुख निर्माण कार्य कराए गए। कुछ कार्य प्रगति पर है, बहुत जल्द पूर्ण हो जाएंगे। पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि किसी भी विकास कार्य के लिए आपको चिंता करना नहीं पड़ेगा, विष्णु देव की सरकार और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन लगातार प्रयास कर ज्यादा से ज्यादा कार्यों की स्वीकृति दिलाई जा रही है। इस अवसर पर राम कुमार राठौर, कपूर चंद पटेल, अनिल यादव, युगल किशोर, साहिल यादव, दादू यादव, बंसीलाल देवांगन, फागुलाल साहू, योगेश्वर साहू, रवि, बलिराम यादव, सोनाराम यादव, आशीष द्विवेदी, कृष्णा द्विवेदी, श्याम चंद्र, संतोषी चंद्र, योगेश्वरी, बबली मरकाम, सुनीता राव, राजेंद्र श्रीवास, ईश्वरी महंत, पुनी राम साहू, ग्रहण चौहान, निर्मला साहू, प्यारेलाल साहू, उमेश राज, जवाहर, एच के डेनियल, बाबूलाल, गोपाल, छतराम, सीताराम, राजकुमार, तुलसी, पूर्णिमा, बिंदु त्रिवेणी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सर्वमंगला-कनकी मार्ग में सड़क हादसा



**लोकसदन 20 अगस्त 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**

सर्वमंगला कनकी मार्ग में हुए एक सड़क हादसे में पिता-पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं। कोरबा जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक मोटरसाइकिल कोरबा अंचल के सर्वमंगला कनकी मार्ग में हादसे का शिकार हो गई। मोटरसाइकिल में सवार पुत्र और पिता को गंभीर चोट आना बताया जा रहा हैं। जिन्हें राहगीरों की मदद से 112 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि घायल पिता-पुत्र बालको भद्रापारा निवासी हैं। इस हादसे के बाद से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कृषि महाविद्यालय में पीएम श्री एकलव्य विद्यालय छुरी के छात्रों का भ्रमण



**लोकसदन 20 अगस्त 2024**
**कटघोरा/कोरबा, (ब्यूरो)।**

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा लगातार अपने कृषि एवं कृषकों के के उत्थान में एवं मार्गदर्शन करने हेतु सतत नवाचार युक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में दिनांक 20 दिसंबर को पीएम एकलव्य विद्यालय के 280 छात्र छात्रा के द्वारा कृषि महाविद्यालय में भ्रमण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से माध्यमिक कक्षा के छठवीं, सातवीं, आठवीं एवं नवमी में अध्यनरत छात्रों को प्राचार्य डॉ असद अहमद के निर्देशानुसार डॉ अशोक चौधरी एवं अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में भ्रमण हेतु कृषि महाविद्यालय लाया गया। कृषि महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं आगंतुक स्टाफ का आत्मीय रूप से स्वागत किया गया तथा तत्कालीन अधिष्ठाता डॉ जीपी भास्कर के द्वारा कृषि महाविद्यालय एवं बीएससी कृषि पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई, डॉ दुष्यंत कुमार कौशिक के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को कीट प्रयोगशाला दिखाया गया। साथ ही फेरोमेन ट्रैप एवं अन्य रासायनिक रहित कीट नाशकों की जानकारी दी गई। डॉ देवेंद्र चौधरी के द्वारा कृषि क्षेत्र में लगने वाले फसलों में बीमारियों तथा उनके रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रयोगशाला में क्या-क्या सामग्री होती है के संबंध में बताया गया साथ ही मशरूम इकाई का भी भ्रमण करवाया गया। डॉ प्रियल पांडे के द्वारा मिट्टी के जांच संबंधी उपकरणों के बारे में बताया गया तथा मृदा जांच से लाभ के बारे में बताया गया। डॉ चंद्रेश धुर्वे के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को वर्मी कंपोस्ट उत्पादन उसके उपयोगिता तथा प्रकृति के संरक्षण के विषय में जानकारी दी गई। योगेंद्र सिंह, देवेश्वर पटेल के द्वारा कृषि प्रक्षेत्र में उद्यानिकी फसलों एवं फलदार छायादार पौधे के बारे में भ्रमण कर दिखाया गया। डॉ रोशन भारद्वाज के द्वारा कृषि महाविद्यालय के बारे में जानकारी दिया गया।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 24 को

**लोकसदन 20 अगस्त 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**

कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 24 दिसंबर को शाम 06 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# संभागायुक्त ने पाली धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

## केंद्र में हुई धान खरीदी, उठाव एवं बारदाना की उपलब्धता के सम्बंध में ली जानकारी

■ किसानों की सहूलियत का विशेष ध्यान रखने एवं माइक्रो एटीएम के सम्बंध में प्रचार प्रसार करने के दिए निर्देश

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**



संभागायुक्त बिलासपुर महादेव कांवरे ने आज कोरबा जिले के पाली धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में धान की नमी परीक्षण का अवलोकन कर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। कमिश्नर ने केंद्र में अब तक हुए धान खरीदी, धान उठाव, बारदाने की उपलब्धता , किसानों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्था के सम्बंध में प्रबंधक से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिए, साथ ही उनकी सहूलियत के लिए केंद्र में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। श्री कांवरे ने केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध माइक्रो एटीएम की के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिससे किसान समिति पर ही 10 हजार तक की राशि का आहरण आवश्यक्तानुसार कर सकें। इस अवसर पर एसडीएम पाली श्रीमती सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


### जिले में शीघ्रता से हो रहा धान का उठाव

जिले में अब तक पंजीकृत किसानों से कुल 981184.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है एवं समितियों से 396788.40 क्विन्टल (कुल 40.44 प्रतिशत) धान का उठाव कर लिया गया है। वर्तमान में धान उपार्जन केंद्रों में 584396.40 क्विन्टल धान उठाव के लिए शेष है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी तेजी से पूर्ण कराया जा रहा है।

पाली धान खरीदी केंद्र में आज दिनांक तक किसानों से 13753.20 क्विन्टल धान की खरीदी की गई है। 6672 क्विन्टल धान का उठाव कर लिया गया है। शेष भंडारित धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जा रहाहै। केंद्र में 53 हजार बारदाना शेष बचे है जिससे धान खरीदी में किसी प्रकार की समस्या नही होगी।

# मुक्तिबोध के जीवनी लेखक का सम्मान एवं व्याख्यान

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**






प्रगतिशील लेखक संघ, कोरबा इकाई के तत्वावधान में महाकवि गजानन माधव मुक्तिबोध की जीवनी के लेखक और प्रखर आलोचक जयप्रकाश का सम्मान एवं व्याख्यान कार्यक्रम 21 दिसंबर, 2024 को अपराह्न 03.30 बजे पंडित तिलक भवन, प्रेस क्लब भवन कोरबा में संपन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार किशोर शर्मा संपादक छत्तीसगढ़ गौरव करेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव शंकर अग्रवाल कामेश्वर पांडे, युनुस दलियानपुरी, सनंद दास दीवान रहेंगे।

प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष सुरेश चंद्र रोहरा ने बताया कि मुक्तिबोध हिंदी के सर्वाधिक चर्चित कवि हैं जिनकी कविताओं, कहानियों, निबंधों एवं उपन्यास ने हिंदी साहित्य को नयी दिशा देकर आम आदमी के जीवन और संघर्ष को विमर्श के केंद्र में लाया। उनकी जनवादी रचनाओं की प्रासंगिकता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। अपने जीवन काल में उन्हें वह ख्याति नहीं मिली जिसके वे हकदार थे। लेकिन मरणोपरांत उनके महत्व को पहचाना गया। आज हिंदी साहित्य का कोई भी विमर्श उनकी चर्चा के बिना पूरा नहीं होता। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि उनके जीवनकाल के अंतिम दशक दिग्विजय महाविद्यालय, राजनाँदगाँव में प्राध्यापक के रूप में बीता जहाँ उन्होंने अपनी मास्टर पीस लंबी कविता 'अँधेरे में' और उपन्यास 'विपात्र' का प्रणयन किया। जयप्रकाश ने तेरह सौ पृष्ठों की उनकी जीवनी 'मैं अधूरी दीर्घ कविता' का श्रमसाध्य और विद्वतापूर्ण प्रणयन किया है। उनकी वाणी से मुक्तिबोध के संघर्षशील रचनात्मक अवदान को सुनना एक सुखद और प्रेरणास्पद अनुभव होगा। प्रगतिशील लेखक संघ के सचिव अरविंद पांडे ने कहा है कि समस्त लेखक गण बुद्धिजीवियों से आग्रह है कि इस कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं।

## सीईओ ने ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के संबंध में दी गई जानकारी



■ मुख्यमंत्री का के संदेश ''विष्णु की पाती'' का किया गया वाचन

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**

प्रशासन गांव की ओर के तहत आज जिला पंचायत कोरबा के प्रांगण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी बनने के विषय पर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा के माध्यम से अभिसरण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई एवं आवास योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश विष्णु की पाती का वाचन किया गया।

इस अवसर जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अब शुकवारो बाई को किसी से पैसे मांगने की नहीं पड़ती जरूरत



■ अपनी जरूरतों के लिए महतारी वंदन योजना की राशि आती है काम

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**

विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत ग्राम बगदरीडाँड़ की लगभग 55 वर्षीय शुकवारो बाई को कुछ माह पहले तक अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से उधार में पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार बहुत जरूरी काम के लिए उन्हें किसी से पैसा मिल जाता कई बार नहीं मिलता. कुछ रूपए के लिए उन्हें लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में एक हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो वनांचल में रहने वाली शुकवारो बाई को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। घर के पास ही झाड़ू बनाने में व्यस्त ग्राम बगदरीडाँड़ की शुकवारो बाई ने बताया कि वह जंगल में निवास करती है। यहाँ वनोपज पर निर्भर रहना पड़ता है। उम्र के साथ ही उन्हें काम करने में परेशानी होती है, वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग घर में आवश्यक कार्यों के लिए किया है।

उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद जंगल क्षेत्र में निवास करने वाली हम जैसी महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को लाभ मिलने और जरूरत के समय किसी के आगे पैसे के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती। शुकवारो बाई ने बताया कि पति दुरूप सिंह खेती-किसानी का काम करते है। चूंकि इस क्षेत्र में पानी की समस्या है इसलिए धान का उत्पादन बहुत ज्यादा नहीं होता है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# हर प्रकार का नशा परिवार, समाज व स्वयं के लिए घातक

■ गुरुघासीदास जयंती पर मद्य निषेध कार्यक्रम के तहत पीजी कॉलेज द्वारा विविध आयोजन

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**



समाज कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन कोरबा के निर्देशन में गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के होम साइंस डिपार्टमेंट और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 'मद्यपान निषेध' थीम पर दिनांक 18, 19 एवं 20 दिसम्बर को विविध कार्यक्रम आयोजित की गई।

संस्था प्राचार्य डॉ. आर.बी.शर्मा के निर्देशन एवं संरक्षण में तथा कार्यक्रम संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.अजय कुमार पटेल के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, समूह चर्चा, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया होम साइंस डिपार्टमेंट में आयोजित गोष्ठी का विषय 'युवाओं में नशापान के दुष्प्रभाव व रोकथाम के उपाय' पर आधारित रही। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि शर्मा ने कहा कि शराब से मानव व समाज दोनों को क्षति पहुंचती है। शराबी लोगों का सामाजिक सरोकार भी घटते चला जाता है, इससे परहेज करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बी.एल.साय ने तंबाकू, गुटखा, बीड़ी से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। कहा कि कम उम्र के बच्चे फैशन के तौर पर गुटखा-पान का सेवन कर रहे है। लगातार सेवन करने से इसकी लत पड़ जाती है। प्रो.कन्हैया सिंह कंवर, श्री दीपक टेकाम, डॉ. रश्मि गुप्ता और अन्य सभी अतिथियों ने किसी भी व्यक्ति को पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट, शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने की सलाह दी। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक क्षतियों के बारे में बताया। सहभागी युवाओं ने कहा कि हर प्रकार का नशा परिवार, समाज व स्वयं के लिए घातक है। साथ ही सभी लोगों को नशा निरोध दिवस पर शपथ भी दिलाई गई। विभिन्न कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवकों व छात्रों में ऋचा स्वर्णकार, लोमस कश्यप, आकांक्षा राठिया, भूमिका बंजारे, दिशा राजपूत, निधि यादव, काजल कैवर्त्य, जिया सोनी, सुषमा बंजारे, संजना सिदार, मुस्कान तम्बोली, डॉली राजवाड़े, मुस्कान रानी, सीमा यादव, शाहीन बानो, मंजू साहू, दीप्ति रानी, रविन्द्र राठिया, गणेश, टिकेश, रितेश, दीपक, नर्मदा, पंकज, सूर्यकांत, पवन, राकेश दास, देवकुमार, वीरेंद्र, विनेश, प्रयागराज, निखिल, साहिल, जितेंद्र, मुकेश, पनेश्वर, मनोज, बिरेन्द्र, रामकुमारी, कंचन, आकाश सूर्यवंशी, विकास सोनवानी, अरविंद, सलोनी, रेणुका, मंजू, विनय, वर्षा इत्यादि का सराहनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन, पथ प्रदर्शन प्रो.अजय कुमार पटेल द्वारा एवं आभार प्रदर्शन प्रो.मधु कंवर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत, नशामुक्ति के पक्ष में जनसमर्थन बढ़ाने के लिए रैली, संकल्प सभा, शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही फ्लैक्स, होर्डिंग और ब्रोशर के माध्यम से जागरूकता फैलाने के प्रयास किए गए।

## सम्मान समारोह का किया गया आयोजन




**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**कोरबा, (ब्यूरो)।**

सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा कोरबा के घण्टाघर स्थित सियान सदन में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, दिव्यांगजन खिलाड़ियों/ प्रतिभाओं/ कलाकारों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान आने पर 16 दिव्यांग खिलाड़ियों को बधाई एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने जिला प्रशासन द्वारा क्रिकेट किट एवं लोवर, टी-शर्ट इत्यादि का वितरण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए उन्हें ऑफिस/ब्रिफिंग बैग प्रदान किया गया। साथ ही सियान सदन में म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया। इस दौरान पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती सिनीवाली गोयल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा सतनाम पंथ के संस्थापक हैं- नूतन

**लोकसदन 20 अगस्त 2024**
**कटघोरा, (प्रतिनिधि)।**



संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा सतनाम पंथ के संस्थापक हैं। उन्होंने जाति-पांति, छुआ- छूत, ऊंच-नीच, जातिगत असमानता को सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र के विकास के लिए बाधक माना।

उक्त उद्गार नूतन पाल कुर्रे विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र, शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा ने महाविद्यालय में बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की आसंदी से व्यक्त किया। शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय में डॉ मदन मोहन जोशी प्राचार्य के संरक्षण एवं मार्गदर्शन मे गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया। डॉ प्रिंस मिश्र ने गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि उनका संदेश गुरु के प्रति आदर भाव सिखाता है। कार्यक्रम के संचालक डॉ शिवदयाल पटेल कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने बाबा के संदेश 'मंदिरवा म का करे जाइबो, अपन घट के देवता ल मनाइबो' में निहित मानव ही नहीं अपितु जीव मात्र के प्रति दया भाव को व्यक्त किया। विशिष्ट वक्ता भुनेश्वर कुमार ने कहा कि बाबा जी ने 'मनखे-मनखे एक समान' के नारा को बुलंद किया और सब से समान व्यवहार की अपील की। समाज शास्त्र के अतिथि प्राध्यापक राकेश आजाद ने कहा कि बाबा जी की महत्वपूर्ण उक्ति सत्य ही मानव का आभूषण है, सत्य की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर डॉ धरमदास टंडन, शैलेन्द्र सिंह ओट्टी, धर्मेंद्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर तिलक राम आदित्य, यशवंत जायसवाल, प्रतिमा कंवर, गंगाराम पटेल, संजय बंजारे, मानसी साहू, खुशनुमा परवीन, डॉ कल्पना शांडिल्य, कीर्ति मरकाम, कीर्ति कुमार दिवान, मनहरण सिंह श्याम, चंचल वैष्णव, देवेंद्र, महिपाल, कंचन, लक्ष्मीन, महिपाल, अमन पांडेय, अनित यादव सहित रासेयो स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं सरस्वती मरकाम, सरस्वती गुर्जर, अश्वनी सोनी तनु तिवारी यामिनी निषाद, सुरभि शांडिल्य, तारकेश्वर, तुषार भारद्वाज, विवेक निर्मलकर, चंद्र प्रकाश, प्रियांशु यादव, मनोज कुमार, अनिकेत साहू, रितिक सिंह, उषा, राजकुमारी, वर्षा पाटले, सोनिया, देवकुमारी रजक सरिता, सुमन, सविता, मनीता, नंदा, विभा कंवर, श्रद्धा कंवर, आंचल, शुभांगी, बाल प्रताप, नीरज तिवारी, आरती जायसवाल, प्रीति राज, नीलम, मुस्कान साहू, अंजू प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# श्रीमान पेट्रोल का सार्वजनिक अभिनंदन



सुरेशचंद्र रोहरा

मेरे दाम ग्यारह महीने में, बारह बार बढ़ गए. मैं आपके सब्र का कायल हो गया. थोड़ा बहुत आपने गुस्सा दिखाया मगर अंततः मुझे स्वीकार किया. सच, मैं चकित हूं. आपकी सहनशीलता अद्भुत है. आपका प्यार मैं सदैव स्मरण रखूंगा. दुनिया में आप जैसा कोई राष्ट्र नहीं . मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं मगर मैं भावुक हो रहा हूं. आशा है, मेरे कहे को वृहद रूप में व्याख्या के साथ समझने का कष्ट करेंगे.

आज पेट्रोल का अभिनंदन समारोह था .राष्ट्रपति भवन में श्रीमान पेट्रोल स ?ज संवर कर मंचस्थ थे. देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति सहित केंद्रीय कैबिनेट,विपक्ष के नेता इत्यादि मौजूद थे.

श्रीमान पेट्रोल का अभिनंदन समारोह हुआ. अंत में पेट्रोल से उद्गार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया. पेट्रोल हल्के पीताभ वस्त्र धारण किये हुए था. चेहरे पर अद्भुत तेजस्विता विद्यमान थी वह माइक पर उपस्थित हुआ और संबोधन शुरू किया .संपूर्ण देश आज उत्साह से परिपूर्ण था. हिंदुस्तान के महानगर से लेकर गांव कस्बे तक जन-जन में उत्साह का संचरण था.

एक ही चर्चा श्रीमान पेट्रोल का राष्ट्रपति भवन में देश की ओर से अभिनंदन है .आज का दिन देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. पेट्रोल जी अभिनंदन के लिए तैयार हो गए ? यही इस देश और सरकार का सौभाग्य है .सभी जानते हैं दुनियाभर में पेट्रोल का जलवा है आज यहां तो कल वहां .ऐसे में हमारी सरकार ने समय मांगा और उन्होंने दे दिया यह बड़े सौभाग्य की बात है.

देश भर के नागरिक जितने मुंह उतनी बात कर रहे थे. मगर सार तत्व यही था ङ्क श्रीमान पेट्रोल का अभिनंदन कर के देश के प्रधानमंत्री और सरकार ने बड़ी दूर दृष्टि और संवेदनशीलता का परिचय परिचय दिया है.

श्रीमान पेट्रोल कह रहे थे ङ्क यह बहुत बड़ी बात है कि इस देश में हर महीने पेट्रोल के दाम बढ़ते रहे और लोग जरा सी खींझ दिखाकर अपने अपने कामों में लग जाते. मुझे कई बार लगता अब कि गुस्सा फूट पड़ेगाज अब की क्रोध का दावानल उमड़ पड़ेगा और सरकार को बहा ले जाएगा. मगर यह सोचना मेरा भ्रम सिद्ध होता रहा.मैं इसके लिए भारत की जनता का शुक्रगुजार हूं, कितनी सहनशील है इस देश की जनता! कितना भाग्यशाली है इस राष्ट्र का प्रधानमंत्री और कैबिनेट!! अगर कोई दूसरा राष्ट्र होता, तो पता नहीं क्या हो जाता. मगर वाह! इस देश के लोगज दरअसल इस देश की यही खासियत है, जिससे इस देश की आवाम प्रेम करती है उसके सौ खून माफ भी करती हैज

पेट्रोल जी धाराप्रवाह भाषण दे रहे हैं . संपूर्ण देश में टीवी के माध्यम से मिस्टर पेट्रोल के भाषण को देशवासी लाइव देख रहे हैं. हर आदमी टेलीविजन सेट खोल कर बैठा हुआ है. कोई भी भारतीय आज चुकना नहीं चाहता .छोटा, बड़ा, अमीर गरीब, हर आदमी पेट्रोल के श्री मुख से एक-एक बात श्रद्धापूर्वक सुन रहा है या कहें आत्मसात कर रहा है.

राष्ट्रपति के ऐतिहासिक अशोका हाल में अभिनंदन समारोह हुआ. देश की शीर्षस्थ विभूतियां मंचस्थ है । प्रारंभ में देश के राष्ट्रपति महामहिम द्वारा श्रीमान पेट्रोल के स्वागत में दो शब्द कहे- देशवासियों ! आप जानते हैं पेट्रोल जी का समय कितना बेशकीमती है. आप बेहद व्यस्त रहते हैं, मगर जब हमने सार्वजनिक अभिनंदन हेतु समय मांगा आपने उदारता पूर्वक हमारे आग्रह को स्वीकार किया और आज आए. दरअसल में संपूर्ण देशवासियों की और से अभिनंदन करता हूँ.

पेट्रोल का चेहरा देखने के लायक था. मुख पर खुशी फूट पड़ी थी. चेहरा लाल लाल सेब सरीखा हो गया था. राष्ट्रपति जी के पश्चात प्रधानमंत्री जी का संबोधन था- मेरे प्यारे देशवासियों !( उनके स्वर में पार्टी आलाकमान जी की भांति उतार-चढ़ाव था, नकल थी ) आप सभी जानते हैं पेट्रोल की कितनी वैल्यू है, हीरा और अलेग्जेंडर से भी अधिक वैल्यू आपकी ही है.

एक बार हीरा, पन्ना और सोने के बगैर यह देश निष्कंटक प्रगति के पथ पर अविराम बढ़ सकता है, मगर श्रीमान पेट्रोल के स्नेह और अनुराग के बगैर हमारा देश एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकता. यह हमारा जीवन है हमारी धड़कन है.

प्रधानमंत्री का भाषण सुन मन पर मंच पर उपस्थित विभूतिया ने तालियां बजायी.श्रीमान पेट्रोल थोड़ा शरमाया .यह देखकर सभी उनकी सज्जनता के कायल हो गए. संपूर्ण देश एक लय हैं . सिर्फ और सिर्फ एक शख्सियत को छोड़कर.उनके चेहरे पर भाव आ और जा रहे हैं जिसमें प्रमुख है द्वेष का.

प्रधानमंत्री ने अपने विस्तृत भाषण में श्रीमान पेट्रोल की भूरी -भूरी प्रशंसा की . उनका महत्व महत्ता पर प्रकाश डाला और आश्वस्त किया कि शनैः शनैः हम आप की गरिमा के अनुरूप आपके श्री बुद्धि का महत्वपूर्ण काज करते रहेंगे.

तत्पश्चात देश के महत्वपूर्ण विभूतियों ने श्रीमान पेट्रोल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला .सभी ने प्रशंसा के गीत गाए. अब बारी थी विपक्ष के नेता की. प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सहित महत्वपूर्ण शख्सियते नेता प्रतिपक्ष के चेहरे के हाव-भाव देखकर संसकित थे. पता नहीं था यह विघ्न संतोषी क्या करेगा. बोलना तो कोई देना नहीं चाहता था मगर क्या करते डिकोरम में हल करना था फिर देश में इमरजेंसी भी लागू नहीं थी सो नेता प्रतिपक्ष को स्वर में चासनी घोलकर आमंत्रित किया गया.

जिससे प्रभावित होकर वे सम स्वर मे अपनी बात रखें मगर हुआ वही जिसकी शंका थी उन्होंने खिलाफत मैं बोलना शुरू किया ङ्क देशवासियों !मैं कहना तो नहीं चाहता,मगर यह सरकार मिस्टर पेट्रोल के आगे घुटने टेक चुकी है. देश में आग लगी हुई है और सरकार इनका अभिनंदन कर रही है. नेता प्रतिपक्ष की वाणी सुन संपूर्ण देश में उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ रोष फैल गया .विपक्ष इस गुस्से के कारण थरथर कांपने लगा और छिपकर संसद में जा बैठा.

gandhishwar.rohra@gmail.com
Mob. : - 07747920885

## दरअसल



आज ग्राम नुनेरा में संचालित शा. कन्या छात्रावास 50 शीटर में छात्रावास छात्राओं को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ा (शेवटर) का वितरण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत नुनेरा सरपंच मुकेश कुमार श्रोते, उपसरपंच कृष्णा अहीर, कादिर हुसैन (पंच, सांसद प्रतिनिधि) छात्रावास अधिक्षिका सुनीति डिक्सेना प्रमुख रूप से उपस्थिति थे।

# राहुल तुम केवल गुंडे हो नेता नहीं





राकेश अचल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पहचानने में भाजपा भूल कर गई। भाजपा ने तो राहुल गांधी को कठिन परिश्रम के बाद 'राजनीति का पप्पू' बनाया था, लेकिन राहुल गाँधी तो राजनीति के गुंडे बन गये। टीशर्ट वाले गुंडे। राहुल ने तो संसद के मकर द्वार पर भाजपा की सारंगी को ही बजा दी। अब राहुल के खिलाफ संसद मार्ग थाने में प्राथिमिकी लिखाई जा चुकी है। राहुल अब जाओ और अपनी गिरफ्तारी के लिए तैयारी करो। इधर संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होगा और उधर तुम्हारी गिरफ्तारी होगी। देखते हैं कौन माई का लाल तुम्हे जेल जाने से रोकता है?

राहुल को हम सब और तमाम दुनिया एक भद्र युवा संसद और कांग्रेस का नेता समझते हैं, लेकिन भाजपा को ऐसा कोई भ्रम नहीं है। भाजपा राहुल को शुरू से पप्पू बनाती और समझती रही लेकिन जब राहुल ने आम चुनाव में भाजपा का अश्वमेघ का घोड़ा पकड़ कर 400 पार करने से पहले ही बाँध लिया तो भाजपा सकते में आ गई। बामुश्किल भाजपा ने छह माह राम-राम कहकर काटे हैं और संसद का शीत सत्र समाप्त होते-होते तक राहुल को पप्पू से गुंडा बना ही दिया। अब संसद नहीं बल्कि संसद मार्ग थाने की पुलिस और बाद में अदालत तय करेगी कि राहुल गाँधी पप्पू हैं या गुंडे।

मजे की बात देखिये कि मणिपुर में सैकड़ों निरीह लोगों के नरसंहार पर भी जिन प्रधानमंत्री जी की नींद नहीं टूटी उन प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी द्वारा कथित रूप से दिए गए धक्के में जख्मी हुए भाजपा संसद प्रताप सारंगी की खैरखबर मोबाईल कर ली। सारंगी ने मीडिया के समाने प्रधानमंत्री जी से संवाद का बाकायदा ऑडियो रिकार्ड कराया यानि प्रधानमंत्री जी से मोबाईल का आडियो खोलकर बात की। काश प्रधानमंत्री जी की ऐसी ही कृपा देश के दुसरे पीड़ितों पर भी हो जाये। भाजपा के प्रताप सारंगी राजनीति में आने से पहले न पप्पू थे और न गुंडे। वे तो केवल भाजपा की सारंगी बजाते थे। उन्होंने ग्राहम को नहीं मारा। उनकी ग्राहम के हत्यारे बजरंगी पहलवान से भी कोई दोस्ती नहीं थी।

मुझे जितना गर्व देश की संसद पर नहीं है, उससे ज्यादा गर्व देश के संसद मार्ग थाने पर है। संसद मार्ग थाने की पुलिस ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ तमाम उन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जो आमतौर पर किसी गुंडे या मवाली के खिलाफ इस्तेमाल की जाती है। राहुल के खिलाफ धारा 115= स्वेच्छा से चोट पहुंचानाधारा 117= गंभीर चोट पहुंचाना, धारा 125= जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना ,धारा 131= आपराधिक बल का प्रयोग,धारा 351= आपराधिक धमकी देने और धारा 3(5)= सामान्य उद्देश्य से काम करने का मामला दर्ज किया है। अब यदि संसद मार्ग थाने ने इस मामले में राहुल गांधी की गिरफ्तारी न की तो पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस के मुखिया की भी नाक काट जाएगी।भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज और अन्य नेताओं ने संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई। यानि सारंगी और बांसुरी समवेत सुर में बज रहीं है।

मकर द्वार पर धक्का-मुक्की के मामले में चूंकि भाजपा थाने गयी तो कांग्रेस भी थाने गयी। लेकिन पुलिस ने कांग्रेस की शिकायत पर कोई मामला दर्ज नहीं किया, लेवल शिकायत ले ली। हमारे देश की पुलिस अक्सर ऐसा ही करती है। कांग्रेस की शिकायत में कांग्रेस अध ?यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ धक्का-मुक्की की शिकायत गई, दिल्ली पुलिस ने कहा कि कांग्रेस की शिकायत की फिलहाल जांच की जा रही है. जांच पूरी होने के बाद उचित कदम उठाया जाएगा। हमरे देश कि पुलिस का उचित कदम तभी उठता है जब उससे ऐसा कदम उठाने के लिए कहा जाये।

दरअसल इस फसाद की जड़ में तो केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह और माननीय डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब हैं, इसलिए कायदे से तो इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाना चाहिए था। क्योंकि न अमित शाह साहब डॉ अम्बेडकर साहब के बारे में कोई टिप्पणी करते और न कांग्रेस इसके विरोध में कोई मार्च निकालती। कांग्रेस ने अमित शाह की ओर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसदों ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले अम्बेडकर की प्रतिमा से लेकर मकर द्वार तक मार्च किया। इसी मार्च के बाद धक्का-मुक्की का दिसंबर आ गया। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की।ये काम पहले संसद के भीतर हो चुका था लेकिनजब विपक्ष मार्च कर रहा था तो सत्तापक्ष हाथ पर हाथ धरकर क्यों बैठता? नगालैंड की बीजेपी सदस्य फान्गनॉन कोन्याक ने तो आरोप लगाया कि वह जब संसद के मकर द्वार के पास अन्य सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रही थीं तभी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उनके समीप आ गये और उन पर चिल्लाने लगे। कोन्याक ने आसन की अनुमति से अपनी बात रखी और यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह इस घटना को बहुत ही दुखी मन से बयान कर रही हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में व्यवस्था बनाने की कोशिश करते हुए कहा कि वह भाजपा की शिकायत पर गौर कर रहे हैं।संसद भवन परिसर में हुई हाथापाई को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ओम बिरला ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी सांसद को संसद भवन के किसी भी गेट पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति न दी जाए। यानि पहले जंतर- मंतर पर विरोध प्रदर्शन बंद कराये गए और अब संसद के सभी दरवाजों को प्रदर्शनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। इससे निश्चित ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा।

संसद के मकर द्वार पर हुई कथित धक्का-मुक्की ने इतिहास रच दिया है। अब राहुल गांधी बैठे -बैठाये हीरो कहिये या खलनायक बनने जा रहे हैं। भाजपाजन राहुल के पुतले जलाने लगे है और कांग्रेस राहुल बाबा को हीरो बनाने में लगी है। आपको याद होगा कि भाजपा पहले से ही राहुल की टीशर्ट और उनकी बहन प्रियका के फिलिस्तीन झोले से आतंकित थी और अब राहुल ने अपने टोलों का पावर भी कथित रूप से दिखा दिया है। मुझे लगता है कि मकर द्वार काण्ड को देखते हुए जब भी देश में एक साथ चुनाव होंगे तब टिकट वितरण में राहुल जैसे टीशर्ट पहनने वाले और टोले बनाने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस के अलावा अब देश की जनता को भी तय करना है कि राहुल गाँधी गुंडे हैं या पप्पू या विपक्ष के नेता या देश के भावी भाग्यविधाता? मै तो कुछ भी तय नहीं कर पा रहा फ़िलहाल।

# जुबान नहीं फिसली है, असल बात जुबान पर आ गई है

■ सिद्धार्थ रामू




मैंने लिखा था, वे गांधी-नेहरू के बाद अंतिम हमला आंबेडकर पर ही बोलेंगे, आखिर अमित शाह ने आंबेडकर पर हमला बोल ही दिया।

भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने के मार्ग में तीन व्यक्तित्व हिंदू राष्ट्रवादियों के मार्ग में सबसे बड़ी बाधाएं हैं:- गांधी, नेहरू और आंबेडकर। गांधी यदि हिंदू राष्ट्रवादियों के हृदय में कांटे की तरह चुभें हुए हैं, तो नेहरू खंजर हैं, लेकिन आंबेडकर हिंदू राष्ट्रवादियों के सीने में इस पार से उस पार तक तलवार की तरह उतरे हुए हैं।

अभी फिलहाल हिंदू राष्ट्र की परियोजना को साकार करने में लगे संगठन, संस्थाएं और व्यक्ति आंबेडकर पर सीधा हमला करने से बच रहे थे, लेकिन उन्हें हिंदू राष्ट्र के अपने स्वप्न को पूरी तरह साकार करने लिए, आंबेडकर को अपने मार्ग से हटाना ही पड़ेगा, जो हिंदुत्व का प्रतिपक्ष और संविधान का पर्याय बनकर चीन की दीवार की तरह हिंदू राष्ट्र के मार्ग में खड़े हैं। इस सच से हिंदू राष्ट्रवादी बखूबी परिचित हैं। आखिर अमित शाह ने आज आंबेडकर पर हमला बोलकर इसकी शुरूआत कर ही दी।

गांधी-नेहरू हिंदू राष्ट्र की परियोजना के लिए अलग-अलग मात्रा और अलग-अलग रूपों में चुनौती तो हैं, लेकिन जिस व्यक्ति ने हिंदू राष्ट्र की बुनियादी पर सबसे प्राणघातक हमला बोला है, उसकी रीढ़ को निशाना बनाया और जिस हिंदू धर्म पर हिंदू राष्ट्र की अवधारणा आधारित है, उसे नेस्तनाबूद करने के लिए पूरा जीवन खपा दिया, उस व्यक्ति का नाम डॉ. आंबेडकर है। वे ब्राह्मण धर्म, सनातन धर्म और हिंदू धर्म को एक दूसरे के पर्याय के रूप में देखते थे।

नेहरू यह समझने में पूरी तरह असफल रहे कि हिंदू धर्म का मूल तत्व वर्ण-व्यवस्था है, गांधी यह समझते थे कि लेकिन जीवन के अंत तक वर्ण-व्यवस्था के हिमायती बने रहे। गांधी-नेहरू दोनों यह नहीं समझ पाए कि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सामाजिक व्यवस्था है, जिसका मूल उद्देश्य सवर्ण हिंदू मर्दों (द्विज मर्दों) के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक वर्चस्व को पिछड़े-दलितों और महिलाओं पर कायम रखना है। जिस व्यक्ति ने यह समझा, उस व्यक्ति का नाम आंबेडकर है।

यह सच है कि हिन्दू राष्ट्रवाद का महत्वपूर्ण तत्व मुसलमानों और ईसाईयों के प्रति घृणा है। परन्तु यह घृणा, हिन्दू राष्ट्रवाद की विचारधारा की केवल ऊपरी सतह है। सच यह है कि हिंदू राष्ट्र जितना मुसलमानों या अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए खतरा है, उससे अधिक वह हिंदू धर्म का हिस्सा कही जानी वाली महिलाओं, अति पिछड़ों और दलितों के लिए भी खतरनाक है, जिन्हें हिंदू धर्म दोयम दर्जे का ठहराता है। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए आंबेडकर ने लिखा है कि ''हिन्दू धर्म एक ऐसी राजनैतिक विचारधारा है, जो पूर्णतः लोकतंत्र-विरोधी है और जिसका चरित्र फासीवाद और/या नाजी विचारधारा जैसा ही है। अगर हिन्दू धर्म को खुली छूट मिल जाए - और हिन्दुओं के बहुसंख्यक होने का यही अर्थ है - तो वह उन लोगों को आगे बढ़ने ही नहीं देगा, जो हिन्दू नहीं हैं या हिन्दू धर्म के विरोधी हैं। यह केवल मुसलमानों का दृष्टिकोण नहीं है। यह दलित वर्गों और गैर-ब्राह्मणों का दृष्टिकोण भी है' (सोर्स मटियरल ऑन डॉ. आंबेडकर, खण्ड 1, पृष्ठ 241, महाराष्ट्र शासन प्रकाशन)।

गांधी-नेहरू या किसी अन्य ने खुले शब्दों में हिंदुओं और हिंदू धर्म के प्रति घृणा नहीं प्रकट किया है। आंबेडकर हिंदुओं और हिंदू धर्म के प्रति खुलेआम घृणा प्रकट करते हैं और इस घृणा का कारण बताते हुए लिखते हैं 'मैं हिंदुओं और हिंदू धर्म से इसलिए घृणा करता हूं, उसे तिरस्कृत करता हूं क्योंकि मैं आश्वस्त हूं कि वह गलत आदर्शों को पोषित करता है और गलत सामाजिक जीवन जीता है। मेरा हिंदुओं और हिंदू धर्म से मतभेद उनके सामाजिक आचार में केवल कमियों को लेकर नहीं हैं। झगड़ा ज्यादातर सिद्धांतों को लेकर, आदर्शों को लेकर है। (भीमराव आंबेडकर, जातिभेद का विनाश पृ. 112)।

डॉ.आंबेडकर साफ शब्दों में कहते हैं कि हिन्दू धर्म के प्रति उनकी घृणा का सबसे बड़ा कारण जाति है, उनका मानना था कि हिन्दू धर्म का प्राण-तत्व जाति है और इन हिन्दुओं ने अपने इस जाति के जहर को सिखों, मुसलमानों और क्रिश्चियनों में भी फैला दिया है। वे लिखते हैं कि ''इसमें कोई सन्देह नहीं कि जाति आधारभूत रूप से हिन्दुओं का प्राण है। लेकिन हिन्दुओं ने सारा वातावरण गन्दा कर दिया है और सिख, मुस्लिम और क्रिश्चियन सभी इससे पीड़ित हैं।'' स्पष्ट है कि भारतीय उपमहाद्वीप में मुसलमानों और ईसाईयों के बीच जाति की उपस्थिति के लिए वे हिंदू धर्म को जिम्मेदार मानते हैं।

वे हिंदू धर्म का पालन करने वाले हिंदुओं को मानसिक तौर पर बीमार कहते थे। %जाति का विनाश' किताब का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ''मैं हिन्दुओं को यह अहसास कराना चाहता हूं कि वे भारत के बीमार लोग हैं, और उनकी बीमारी अन्य भारतीयों के स्वास्थ्य और खुशी के लिए खतरा है।''

आंबेडकर हिंदुओं को आदिम कबिलाई मानसिकता के बर्बर लोगों की श्रेणी में रखते हैं। ''हिन्दुओं की पूरी की पूरी आचार-नीति जंगली कबीलों की नीति की भांति संकुचित एवं दूषित है, जिसमें सही या गलत, अच्छा या बुरा, बस अपने जाति बन्धु को ही मान्यता है। इनमें सद्गुणों का पक्ष लेने तथा दुर्गुणों के तिरस्कार की कोई परवाह न होकर, जाति का पक्ष लेने या उसकी अपेक्षा का प्रश्न सर्वोपरि रहता है।' डॉ. आंबेडकर को हिन्दू धर्म में अच्छाई नाम की कोई चीज नहीं दिखती थी, क्योंकि इसमें मनुष्यता या मानवता के लिए कोई जगह नहीं है। अपनी किताब 'जाति का विनाश' में उन्होंने दो टूक लिखा है कि 'हिन्दू जिसे धर्म कहते हैं, वह कुछ और नहीं, आदर्शों और प्रतिबन्धों की भीड़ है। हिन्दू-धर्म वेदों व स्मृतियों, यज्ञ-कर्म, सामाजिक शिष्टाचार, राजनीतिक व्यवहार तथा शुद्धता के नियमों जैसे अनेक विषयों की खिचड़ी संग्रह मात्र है। हिन्दुओं का धर्म बस आदेशों और निषेधों की संहिता के रूप में ही मिलता है, और वास्तविक धर्म, जिसमें आध्यात्मिक सिद्धान्तों का विवेचन हो, जो वास्तव में सार्वजनीन और विश्व के सभी समुदायों के लिए हर काम में उपयोगी हो, हिन्दुओं में पाया ही नहीं जाता और यदि कुछ थोड़े से सिद्धान्त पाये भी जाते हैं, तो हिन्दुओं के जीवन में उनकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं पायी जाती। हिन्दुओं का धर्म ''आदेशों और निषेधों' का ही धर्म है। वे हिन्दुओं की पूरी व्यवस्था को ही घृणा के योग्य मानते हैं। उन्होंने लिखा कि :- ''इस प्रकार यह पूरी व्यवस्था ही अत्यन्त घृणास्पद है, हिन्दुओं का पुरोहित वर्ग (ब्राह्मण) एक ऐसा परजीवी कीड़ा है, जिसे विधाता ने जनता का मानसिक और चारित्रिक शोषण करने के लिए पैदा किया है-ब्राह्मणवाद के जहर ने हिन्दू-समाज को बर्बाद किया है।' (जाति का विनाश)।

हिंदू राष्ट्र से आंबेडकर इस कदर घृणा करते थे कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र के निर्माण को किसी भी कीमत पर रोकने की बात की। इस संदर्भ में उन्होंने लिखा, अगर हिन्दू राज हकीकत बनता है, तब वह इस मुल्क के लिए सबसे बड़ा अभिशाप होगा। हिन्दू कुछ भी कहें, हिन्दू धर्म स्वतन्त्रता, समता और बन्धुता के लिए खतरा है। इन पैमानों पर वह लोकतन्त्र के साथ मेल नहीं खाता है। हिन्दू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए।' (पाकिस्तान ऑर पार्टीशन ऑफ इण्डिया, पृ.338) हिंदू धर्म की यह समझ डॉ. आंबेडकर को गांधी-नेहरू से गुणात्मक तौर पर भिन्न बना देती है और हिंदू राष्ट्रवादियों के लिए आंबेडकर को सबसे अधिक खतरनाक।

आंबेडकर वर्ण-जाति व्यवस्था के पोषक हिंदू धर्मग्रंथों को डायनामाइट से उड़ाने की तक की बात करते हैं। उन्होंने 'हिंदू धर्म की पहेलियां' और 'प्राचीन भारत में क्रांति और प्रतिक्रांति' और 'जाति का विनाश' जैसी किताबें लिखकर हिंदू धर्म दर्शन, विचारधारा, ईश्वरों, देवी-देवताओं, हिंदू धर्म की किताबों, आदर्शों-मूल्यों, जीवन-पद्धति और जीवन-दृष्टि की धज्जियां उड़ा दी हैं। वेदों से लेकर आधुनिक युग तक हिंदू धर्म के पक्ष में दिए गए तर्कों और हिंदू धर्म के पैरोकारों के हर तर्क का उन्होंने ठोस और सटीक जवाब दिया है, %जाति का विनाश% किताब इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। एक शब्द में कहें तो भारत के अब तक इतिहास में सनातन धर्म और ब्राह्मण धर्म के पर्याय हिंदू धर्म या ब्राह्मणवाद पर इतना मर्मांतक और निर्णायक हमला किसी ने नहीं बोला है, जितना आंबेडकर ने बोला है।

हिंदू धर्म पर दार्शनिक-वैचारिक हमले के साथ आंबेडकर ने संविधान के रूप में हिंदू राष्ट्र के मार्ग में एक पहाड़ खड़ा कर दिया है, इस पहाड़ को रास्ते से हटाए बिना हिंदू राष्ट्र स्थायी और मुकम्मल शक्ल नहीं ले सकता है और मंजिल तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि संविधान हर वयस्क नागरिक को वोट का अधिकार देता है। पांच साल में चुनाव और सरकार बदलने का भी उन्हें अधिकार देता है। जनता इस अधिकार का इस्तेमाल करके हिंदू राष्ट्र के पैरोकारों को सत्ता से हटा सकती है। संसद में ऐसी सरकार को बहुमत दे सकती है, जो हिंदू राष्ट्र के खिलाफ हो। इसका खतरा हमेशा हिंदुत्वादियों के सामने मंडराता रहेगा। हालांकि इस संविधान के साथ लगातार हिंदू राष्ट्रवादी छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसकी मूल भावना को रौंद रहे हैं, उसकी मनमानी व्याख्या कर रहे हैं, उसका हिंदू राष्ट्रवाद की परियोजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं और अब तो उसे बदलने की खुलेआम बातें भी करने लगे हैं। फिर भी संविधान उनके मार्ग में बड़ा रोड़ा बना हुआ है।

हिंदू राष्ट्रवादियों के लिए संविधान को पूरी तरह बदलना इसलिए भी जोखिम भरा काम है, क्योंकि दलितों-पिछड़े और आदिवासियों का एक बड़ा हिस्सा संविधान और आंबेडकर को एक दूसरे के पर्याय के रूप में देखता है। संविधान से छेड़-छाड़ या संविधान बदलने की बात उसे आंबेडकर के विचारों-सपनों से छेड़-छाड़ लगती है। फिर भी हिंदू धर्म के लिए इतने खतरनाक और हिंदू राष्ट्र के मार्ग में सबसे बड़े अवरोध आंबेडकर पर हमला बोले बिना भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के स्वप्न को हिंदू राष्ट्रवादी साकार नहीं कर सकते। वे आंबेडकर पर हमला बोलेंगे, लेकिन गांधी और नेहरू को पूरी तरह निपटाने के बाद। वे अंतिम हमला आंबेडकर पर ही बोलेंगे।

प्रश्न यह है कि हिंदू राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी बाधा आंबेडकर और उनकी वैचारिकी पर हमला करने से हिंदुत्ववादी क्यों बच रहे हैं और गांधी, नेहरू पर आक्रामक तरीके से हमलावार क्यों हैं?

इसका पहला कारण यह है कि देश में गांधी-नेहरू के समर्थक (वोटर) बहुत कम संख्या में बचे हैं। जो अपरकॉस्ट गांधी और नेहरू का मजबूत समर्थक और पैरोकार था, उसका बहुलांश हिस्सा हिंदुत्वादियों के साथ पूरी तरह खड़ा हो गया है। यह अपरकॉस्ट आजादी के दौरान गांधी और आजादी के बाद नेहरू को अपना सबसे बड़ा नेता, हितैषी और पैरोकार मानता था। इन दोनों ने इनके हितों की भरपूर पूर्ति भी किया।

अब अपरकॉस्ट को अपना सबसे बड़ा हितैषी हिंदुत्वादी लग रहे हैं और वह उनके साथ वह पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ा है। अपरकॉस्ट के कुछ मुट्ठीभर लोगों के बीच, विशेषकर सचेतन बुद्धिजीवियों के बीच अब गांधी-नेहरू की कद्र रह गई है, जो संख्या में बहुत कम हैं। गांधी-नेहरू कभी भी बहुजनों (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) के सहज-स्वाभाविक नायक नहीं रहे हैं, भले ही विभिन्न वजहों से बहुजन उनके साथ खड़े हुए हों

➤➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर...

# भाजपा जिला महामंत्री ने कांग्रेस को जमकर धोया

**दुर्ग, 20 दिसंबर ( आरएनएस )।**

भारतीय जनता पार्टी, दुर्ग जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौषिक एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने गुरूवार को प्रेसवार्ता में कांग्रेस की षड़यंत्रकारी भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक उमेश पटेल, राम कुमार यादव, चतुरी नंद, कविता प्राण लहरे की उपस्थिति में बलौदा बाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदा बाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति है।

जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र कौषिक ने कांग्रेस की संलिप्तता वाली घटनाओं और बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि राजीव मितान क्लब बंद होने पर भूपेश बघेल का यह बयान की युवा खाली हो गए हैं इसलिए प्रदेश में बलात्कार और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे हैं।शिक्षक दिवस के दिन बलौदा बाजार के हेड मास्टर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के ऊपर पैसा ऐंठने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर लेते हैं।सूरजपुर में एक पुलिस हेड कांस्टेबल की पत्नी और मासूम बच्ची की हत्या के मामले में कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के पदाधिकारी कुलदीप साहू की संलिप्तता सामने आई थी।यह सारी घटना कांग्रेस के आपराधिक चरित्र का शर्मनाक नमूना है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपने गुण्डा तत्वों के जरिए कानून-व्यवस्था बिगाड़कर अराजकता और आतंक का जहर घोलने में लगी है।जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र कौषिक ने कहा कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कांग्रेस के एक प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कलेक्टर कार्यालय में अंदर घुसकर तोड़फोड़ करने के लिए उकसाया गया है। उत्तरी जांगड़े ने बाकायदा बलौदाबाजार में लगभग



6 माह पहले हुई आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा का हवाला देते हुए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उसी घटना की पुनरावृत्ति करने कहा है। कांग्रेस के चार अन्य विधायकों कविता प्राण लहरे, उमेश पटेल, राम कुमार यादव राठिया, पूर्व विधायक प्रकाश नायक की मौजूदगी में विधायक उत्तरी जांगड़े का यह बयान बलौदाबाजार की हिंसक घटना समेत कानून-व्यवस्था को चुनौती देते तमाम आपराधिक कृत्यों की आत्म-स्वीकृति है। कांग्रेस लगातार प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर मिथ्या प्रलाप कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों के पीछे कांग्रेस का षड्यंत्र ही काम कर रहा है। यह सारा घटनाक्रम बताता है कि कांग्रेस अपने टूलकिटिया षड्यंत्र के बेनकाब होने जाने से न केवल अपने ही षड़यंत्रों के जाल में फँस गई है, अपितु उत्तरी जांगड़े द्वारा हिंसा, तोड़पोड़ और अराजकता फैलाने के उकसावे में छिपी आत्म-स्वीकृति को कांग्रेस के गले की हड़डी बना दिया है। इसी प्रकार अंतागढ़ विधानसभा में छत्तीसगढ़ के पूर्व युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सुप्रकाश मल्लिक उर्फमिठू को दुष्कर्म के मामले में जेल भेजा गया है। बलरामपुर में कांग्रेस नेता व नगर पालिका अध्यक्ष सुन्दरमणि के पति परम मिंज ने अपने खेत में गायों पर एयरगन से फॉयर कर दिया था। इसमें कई गायें घायल हो गई थीं। मैनपाट में सरकारी जमीन में फर्जीवाड़ा कर भू-स्वामी बनने का खेल चला था। इसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा कमलेश्वरपुर से तीन करोड़ 56 लाख रुपये का ऋण ले लिया। इस फर्जीवाड़ा का मुख्य किरदार राज्य गौ सेवा आयोग का पूर्व सदस्य और कांग्रेस नेता अटल बिहारी यादव था। कांग्रेस की इसी सभा में नगरपालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे के पति और विधायक प्रतिनिधि अजय बंजारे, के द्वारा भी भरे मंच से भाजपा के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सार्वजनिक मंच से कांग्रेस की सरकार आने पर भाजपाइयों के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तरी जांगड़े के बयान को बेहद गंभीरता से ले रही है और उत्तरी जांगड़ समेत उस प्रदर्शन में मौजूद सभी विधायकों व कांग्रेस नेताओं की जवाबदेही तय करके कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने में प्रदेश की भाजपा सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखेगी।

## नकली उर्वरक खान बनाने वाला फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**राजनांदगांव , 20 दिसंबर ( आरएनएस )।**

प्रार्थी जीवन लाल चन्द्रवंशी पिता कृष्ण कुमार चन्द्रवंशी पिता कृष्ण कुमार चन्द्रवंशी उम्र- 42 साल साकिन वार्ड न0- 01, थाना थाना डोंगरगढ़ जिला छ0ग0 कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक विकासखण्ड डोंगरगढ़ के द्वारा थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक- 06.07.2024 के शाम 04:00 बजे आरोपी सुजीत धूत पिता प्रहलाद धूत उम्र- 55 साल साकिन ग्राम मरोडी तहसील अकोला जिला अकोला महा0 एवं श्रुति त्रिवेदी पति मनुराज उम्र- 44 साल साकिन बधियाटोला डोंगरगढ़ के द्वारा मनीष राठी निवासी डोंगरगढ़ के मकान में बीना अनुमति के एवं बिना लायसेंस के उर्वरक खाद का निर्माण किया जा रहा है जो कि छ0ग0 में वैध नहीं है एवं आरोपी के कब्जे से 1921 किलो नकली उर्वरक खाद को जप्त किया गया है कि रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक- 431/2023 धारा- आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा- 3, 7 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान आरोपिया श्रुति त्रिवेदी को दिनांक- 07.10.2023 को गिरफ्तार किया जा चुका था। लेकिन प्रकरण के मुख्य आरोपी सुजीत धूत अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसकी पता तलाश हेतु थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम से दिशा'-निर्देश प्राप्त कर सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना डोंगरगढ़ से टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश हेतु महा0 टीम रवाना किया गया जिस पर गठित टीम द्वारा जिला अकोला महा0 के थाना खदान पंहूचकर आरोपी के दिये पते पर जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी सुजीत धूत के पकड़े आरोपी पुलिस के गिरफ्तार के डर से छुपे हुये थे। आरोपी सुजीत धूत पिता प्रहलाद धूत जाति माहेश्वरी उम्र- 55 साल साकिन मरोडी वार्ड क्र0- 2, थाना बोरगांव मंजू तहसील अकोला, जिला अकोला महा0 हाल- फ्लैट न0- 302 गणेशा रेसीडेंसी गिरी नगर गौरक्षण रोड थाना खदान जिला अकोला महा0 से अवैध रूप से उर्वरक खाद बनाने के संबंध में पुछताछ किया जो को वैध दस्तावेज पेश नहीं किया जिस पर आरोपी को दिनांक- 19.12.2024 को गिरफ्तार कर मान0 न्याया0 में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## सर्चिंग में निकले जवान आईईडी की चपेट में आकर घायल

**नारायणपुर, 20 दिसंबर ( आरएनएस )।**

जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां आज सुबह एक सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। यह घटना अबूझमाड़ के कच्चापाल तोके मार्ग पर हुई, जहां जवान जंगल में सर्चिंग कर रहे थे। घायल जवानों को तुरंत जिला अस्पताल लाया जा रहा है, और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नक्सलियों द्वारा लगाई गई आईईडी की चपेट में आने से दो जवान बुरी तरह से घायल हो गए हैं। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए जंगलों में आईईडी बम लगाया था।

## आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन में धमतरी जिला पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**धमतरी 20 दिसम्बर ( आरएनएस )।**

जिले में 70 एवं 70+ आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकां का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला जहां ग्राम पंचायतों, ग्राम और शहरों में शिविर लगा रहा है, वहीं शिविर स्थल में नहीं पहुंच पाने वाले वृद्धजनों का घर-घर पहुंचकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। नतीजन धमतरी जिला आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले में अब तक 5 हजार 700 से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा चुका है।

बता दें कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए आधारकार्ड मे मोबाइल नम्बर अनिवार्यत: लिंक होना चाहिए। इससे 5 लाख रूपये तक मुफ्त उपचार लाभ की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। योजनांतर्गत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (आधार कार्ड के अनुसार जिनका उम्र 70 या 70 से अधिक हो) को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कार्य, ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तर पर लगातार बनाया जा रहा है। धमतरी जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (70 व 70+ आयु वाले) को अपने नजदिकी, किसी भी उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल कुरुद, नगरी, बोरई, सामु. स्वा. केन्द्र गुजरा, मगरलोड, भखारा, जिला अस्पताल धमतरी, योजना मे पंजकृत किसी भी निजि अस्पताल के चिन्हाकित च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र मे आधार कार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नबर सहित हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन करा रहे है।

पंजीयन टीम को अनेक पात्र वरिष्ठ नागरिको का आधारकार्ड अपडेट नही होने के कारण, कार्ड पंजीयन करने मे दिक्कत आ रही है। इसके मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.कौशिक ने ऐसे पात्र हितग्राही (वरिष्ठ नागरिक 70-70+) को नजदीकी आधार सेवा केन्द्र मे जाकर अपने आधार कार्ड मे घर या स्वयं का ही कोई एक एक्टीव मोबाइल नम्बर को लिंक कराने कहा गया है, जो कि आगामी 2-4 अथवा 24 घंटे के भीतर अपडेट हो जाता है। इस प्रकार आयुष्मान वय वंन्दना योजना के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त किया सकेगा। वरिष्ठ नागरिको को संयुक्त रुप से अतिरिक्त 5 लाख रूपये का टाप-अप योजनांतर्गत प्राप्त होगा, जो कि परिवार के अन्य सदस्यो द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के बाद भी वरिष्ठ नागरिको को प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको को जल्द से जल्द अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र मे उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराकर योजना का लाभ लेने की अपील की है । इसके लिए अनिवार्य दस्तावेज आधारकार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नम्बर प्रस्तुत करना होगा।

## नानी का मायरा और ब्रज की लठमार होली से सराबोर हुआ श्री कृष्ण लीला आडिटोरियम स्थल

**राजनांदगांव, 20 दिसम्बर ( आरएनएस )।**

संस्कारधानी नगरी में इन दिनों श्री कृष्ण भक्ति की रसधार बह रही है। शहर का आडिटोरियम श्री कृष्ण लीला महारास के इंद्रधनुषी रंग से सराबोर हो रहा है।




शहर में वृंदावन से पधारे श्री कृष्ण लीला महारास के कलाकारो द्वारा भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक लीला सहित महारास का भव्य प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह ले रहे हैं। श्री युगल उपासक उत्सव मंडल व कस्तूरबा महिला सहित आराधना मंच के द्वारा आयोजित इस श्री कृष्ण लीलामयी कार्यक्रम में गुरुवार को नानी बाई का मायरा व ब्रज की लठमार होली का आयोजन भव्य रुप से किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख मंडल की संस्थापक संयोजिका श्रीमती आशा रामस्वरूप अग्रवाल, श्रीमती शारदा तिवारी, डाक्टर आर के अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, राजपूत महिला मंडल की श्रीमती सुषमा सिंह, पार्षद मणि भास्कर गुप्ता, श्रीमती अर्चना दास ,अनिता जैन, साधना तिवारी, आशा गुप्ता आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु जनों की उपस्थिति में भगवान श्री कृष्ण के साथ फूलों ?की वर्षा के साथ ब्रज की लठमार होली खेली गई। इस दौरान पूरा वातावरण इंद्रधनुषी रंग से सराबोर हो गया। श्री कृष्ण लीला महारास की प्रस्तुति के दौरान नानी बाई की मायरा की प्रस्तुति ने लोगों को भाव विह्वल किया इस अवसर पर भक्त नरसी मेहता की सुपुत्री को चुनरी ओढ़ा कर लोगों ने धन्यता महसूस की। श्री कृष्ण लीला महारास आयोजन की संस्थापक संयोजिका श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ की पावन भूमि पर जन-जन को श्री राधा कृष्ण भगवान एवं उनके दिव्य रास रस से जोडने के लिए श्री युगल उपासक उत्सव मण्डल की स्थापना 2023 नवम्बर माह मे की गयी है उन्होंने,मण्डल के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन मानस को सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति से जोडने के लिए व श्री निम्बार्क संप्रदाय के अनुसार युगल उपासना की ओर अग्रेसित करने के उद्देश्य से मण्डल की स्थापना की गयी है जो सम्पूर्ण छत्तीसगढ एवं उडीसा के विभिन्न अंचलों मे अनेक प्रकार के उत्सवों आचार्यवर जयंती, फाग,हिंडोला, शरद पूर्णिमा आदि कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

## नगर निगम में छाया आर्थिक संकट का बादल

**धमतरी, 20 दिसंबर ( आरएनएस )।**

धमतरी नगर निगम पर संकट के बादल छाए हुए हैं. पेट्रोल-डीजल के 20 लाख रुपए से अधिक के कर्ज में नगर निगम डूबा हुआ है. जिसके चलते कई महीनो से पेट्रोल पंप संचालक को भुगतान नहीं हो पाया है. अब इस मुद्दे को लेकर विपक्षी पार्षद लगातार हमलावर नजर आ रहे हैं.धमतरी निगम के नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा का कहना है कि इतनी ज्यादा कर्ज और उधारी से निगम की छवि लगातार खराब होती जा रही है. सिर्फ डीजल पेट्रोल नहीं बल्कि अलग-अलग विकास कार्य के ठेकेदारों को भी लंबा चौड़ा भुगतान करना बाकी है.वहीं धमतरी नगर निगम की कमिश्नर ने बताया कि फंडिंग की कमी होने के कारण इतनी ज्यादा कर्ज की स्थिति बनी है. धमतरी निगम अपने आय के स्त्रोतों का अध्ययन कर रहा है ।

## पूर्व विधायक ने व्यावसायिक एवं सार्वजनिक वाहनों के मूल टैक्स पर लगी पेनल्टी पर छूट की मांग की सरकार से

**जगदलपुर, 20 दिसंबर ( आरएनएस ) ।**

सार्वजनिक एवं व्यावसायिक वाहनों के टैक्स जमा न करने पर लगाई गई पैनाल्टी से वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर एकमुश्त समाधान हेतु पैनाल्टी में शत-प्रतिशत छूट देने की मांग की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों क्षेत्र के परिवहन संचालकों ने बाफना से मिलकर अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया था। जिसपर बाफना ने प्रदेश की भाजपा सरकार के समक्ष उनकी मांग उठाने का आश्वासन भी दिया था। इसी तारतम्य में उन्होंने सीएम को पत्राचार किया।कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के दौरान महामारी के पहले और दूसरे फेज की रोकथाम एवं प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से जब पूरे देश सहित राज्य में वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी। उस दौरान न केवल वाहन सड़कों से बाहर थे बल्कि गैराजों में ऐसे ही खड़े रहे, क्योंकि उनके परिचालन की अनुमति नहीं थी जिससे परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों का व्यापार भी खासा प्रभावित हुआ था। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि, कोरोनाकाल के पश्चात् जब स्थिति सामान्य हुई तो बाजार में मंदी का दौर भी था जिसकी वजह से वाहन स्वामी व संचालक कोरोनाकाल की अवधि दो वर्षों का मोटर व्हीकल टैक्स, रोड टैक्स,परमिट टैक्स व परिवहन पर लगने वाले अन्य टैक्स की अदायगी नहीं कर पाए। उन पर अब टैक्स के साथ ही लाखों रूपये की पैनाल्टी भी लग चुकी है। इस प्रकार वाहन के मूल टैक्स की राशि के साथ लाखों रूपये की पैनाल्टी भी अब तक बकाया है। बाफना ने वाहनों के बकाये टैक्स पर लगी पैनाल्टी (विलंब संदाय) के बोझ से जूझ रहे वाहन स्वामियों व संचालकों को सरकार की ओर से राहत देने की अपील की है।कोरोनाकाल के दरम्यान दो वर्षों का वाहनों पर लगने वाले टैक्स की पैनाल्टी को शत-प्रतिशत माफ करने की मांग की है । और कहा है कि सरकार के इस कदम से न केवल वाहन स्वामियों द्वारा बकाये टैक्स की पूरी रकम एकमुश्त अदायगी में तेजी आयेगी, बल्कि इससे राज्य शासन को बड़े स्तर पर राजस्व की भी प्राप्ति होगी।

## ग्राम पंचायत मोहगांव में हेलमेट वितरण कार्यक्रम और साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान



**कवर्धा,20 दिसंबर ( आरएनएस )।**

कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत मोहगांव में आज हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 नागरिकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने नागरिकों को हेलमेट प्रदान किया।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी विष्णु चंद्रवंशी के विशेष सहयोग से किया गया, जिन्होंने क्षेत्र के अन्य गांवों के नागरिकों को भी इस पहल का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और हेलमेट पहनने के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाना था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों में भारी वृद्धि हो रही है, जिसका मुख्य कारण लालच है। नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें और अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें। एसडीओपी बोडला अखिलेश कौशिक ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने साइबर फ्रॉड के सामान्य संकेतों के बारे में जानकारी दी और इससे बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो और थाना प्रभारी पांडातराई ने भी नागरिकों को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सड़क पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम मोहगांव में एक हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात पुलिस और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली के दौरान नागरिकों को हेलमेट पहनने के महत्व और सड़क पर सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम कबीरधाम जिले में सड़क और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो नागरिकों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाता है।

## नेताम के क्षेत्र के तीन मंडलों में युवा नेताओं को मंडल अध्यक्ष के रूप में दी गई बड़ी जवाबदारी

**बलरामपुर, 20 दिसम्बर ( आरएनएस )।**

रामानुजगंज भारतीय जनता पार्टी के जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन पर पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की सहमति से मंडल में पार्टी द्वारा नियुक्त संगठन के पर्व सहयोगियों द्वारा सभी मंडलों में जाकर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मंडल में उनके सम्मुख उल्लेखित कार्यकर्ताओं के सर्वसम्मति से से मंडल अध्यक्ष को निर्वाचित घोषित किया जिसमें रामानुजगंज मंडल में जनपद सदस्य सीताराम गुप्ता महावीरगंज मंडल के लिए नारद यादव वही सनवाल मंडल के लिए मुंद्रिका सिंह को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया।

भाजपा संगठन के द्वारा महावीरगंज मंडल, रामानुजनगंज मंडल एवं सनवाल मंडल में युवा नेताओं को मंडल अध्यक्ष बनाकर बड़ी जवाबदारी दी है। रामानुजगंज मंडल के लिए कई नाम सामने आए थे अंतत: युवा नेता सीताराम गुप्ता को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। जैसे ही युवा नेताओं की मंडल अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई वैसे ही भाजपा के कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा गया मंडल अध्यक्षों को बधाई देने वालों का ताता लग गया। जमकर आतिशबाजी की गई एवं एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई गई। बूथ स्तर से कार्य करते हुए मंडल अध्यक्ष तक का रास्ता तय किया....... भाजपा मंडल अध्यक्ष रामानुजगंज के लिए नियुक्त जनपद सदस्य सीताराम गुप्ता ने भाजपा में राजनीति की शुरुआत बूथ स्तर में साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत करते हुए शक्ति केंद्र प्रभारी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष सहित कई दायित्व का निर्वहन करने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में जवाबदारी मिली। स्वच्छ सरल मिलनसार सभी स्वभाव के लिए जाने जाने वाले सीताराम गुप्ता के मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। रामानुजगंज मंडल से काटकर बनाया गया महावीर गंज मंडल........ भाजपा संगठन में रामानुजगंज मंडल के अंतर्गत 81 बूथ आते थे भाजपा मंडल के बड़े क्षेत्रफल को देखते हुए संगठनात्मक दृष्टिकोण से रामानुजगंज मंडल से काटते हुए महावीर गंज मंडल को बनाया गया दोनों मंडलों में 43 43 बूथ पड़ेंगे। सनवाल मंडल से पांच बूथ को काटकर महावीर गंज मंडल में जोड़ा गया। 21 साल के उम्र में बने थे सरपंच दूसरी बार बने भाजपा मंडल अध्यक्ष....... ग्राम इंद्रवतीपुर के मुंद्रिका सिंह 21 वर्ष की उम्र में सरपंच बने थे। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री कार्यवाहक जिला अध्यक्ष भाजपा जिला मंत्री वहीं वर्तमान में जनपद सदस्य हैं जिन्हें सर्वसम्मति से सनवाल मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। मंडल महामंत्री को पदोन्नति कर बनाया मंडल अध्यक्ष...... ग्राम इंदरपुर के नारद यादव जो सनवाल मंडल में दो बार मंडल महामंत्री रह चुके हैं मंडल महामंत्री रहने के दौरान संगठन के लिए समर्पण भाव एवं कार्य क्षमता को देखते हुए पदोन्नति कर इस बार नए बने महावीरगंज मंडल के मंडल अध्यक्ष के बड़े दायित्व को दिया गया।

## गंगरेल मानव वन एवं शिवा रिसॉर्ट के बीच में मिले शव,की हत्या का हुआ खुलासा,जिसकी थाना सिहावा मे हुआ था गुम इंसान दर्ज

**धमतरी, 20 दिसम्बर ( आरएनएस )।** दिनांक 03-12-24 को मानव वन के आगे गंगरेल के रोड किनारे एक लावारिस हालत में मोटर साइकिल खड़ी होने की सूचना मिली रुद्री पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर मोटरसाइकिल के संबंध में पतासाजी किया गया जो उसके गाड़ी पर लगे स्टीकर एवं नेम प्लेट के आधार पर हर्ष ऑटो नगरी में पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त गाड़ी बीरेंद्र देवांगन की होना पाया गया जिसका थाना सिहावा में गुम इंसान दर्ज है। उक्त गुम व्यक्ति की खोजबीन थाना रुद्री एवं साइबर स्टॉफद्वारा की जा रही थी उसी दौरान दिनांक 06-12- 24 को सुबह 7:00 के आसपास पुलिस टीम को मानव वन एवं शिवा रिसॉर्ट के बीच में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला जिसकी पहचान बीरेंद्र देवांगन के रूप में हुई,जिसकी सिहावा थाने में गुम इंसान दर्ज है बाद में शव पंचनामा एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की आशंका होने पर रुद्री थाना एवं साइबर टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के द्वारा लगातार पतासाजी किया जा रहा था। जिसमें संदिग्ध व्यक्ति सुखवंत साहू उर्फ़ सुखु को पकड़कर, कड़ाई से सात दिवस तक लंबी पूछताछ करने पर अपने दोस्त बीरेंद्र देवांगन को आपसी रंजिश के चलते उसके सर पर हेलमेट से वार कर हत्या करना कबूल किया।

# बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 में हराया, पहली बार सीरीज में किया क्लीन स्वीप

नईदिल्ली,20 दिसंबर (आरएनएस)।

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में लिटन दास की टीम को 80 रन से जीत मिली है।इसी के साथ 3 मैचों की टी-20 सीरीज में उसने कैरिबियाई टीम पर क्लीन स्वीप कर दिया है। यह पहला मौका है जब बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया है।बांग्लादेश ने 189/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में वेस्टइंडीज 109 रन पर ऑलआउट हो गई।



बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एक समय टीम के 3 बल्लेबाज 65 रन पर पवेलियन में थे।जेकर अली ने अकेले पारी संभाली और उन्होंने 41 गेंदों का सामना करते हुए 72 रन बनाए। मेंहदी हसन मिराज ने उनका अच्छा साथ निभाया और 29 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट लिए।जवाब में वेस्टइंडीज के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। रिशाद हुसैन ने 3 विकेट झटके। जेकर के टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह दूसरा अर्धशतक है। यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। उन्होंने अपनी 72* रन की पारी में 3 चौके और 6 छक्के भी लगाए। उनकी स्ट्राइक रेट 175.61 की रही।जेकर ने अब तक 22 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 20 पारियों में 7 बार नाबाद रहते हुए 28.76 की औसत और 122.22 की स्ट्राइक रेट से 374 रन बनाने में सफल रहे हैं। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने मैच में कमाल का प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया।तस्कीन अहमद ने 3.4 ओवर गेंदबाजी की और 30 रन देकर 2 विकेट लिए। मेंहदी हसन ने 3 ओवर में सिर्फ 13 रन खर्च किए और 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।तंजीम हसन साकिब और हसन महमूद को 1-1 सफलता मिली। 3 विकेट लेने वाले रिशाद ने 4 ओवर में सिर्फ 21 रन खर्च किए। वेस्टइंडीज के लिए इस टी-20 सीरीज में कुछ अच्छा नहीं रहा है। रोवमैन पॉवेल की कप्तानी में यह टीम पिछली 3 सीरीज हार चुकी है। इससे पहले उनको इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने 3-1 और श्रीलंका ने 2-1 से हराया था।बांग्लादेश को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से हार मिली थी। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को 7 रन से जीता और दूसरे टी-20 में उसे 27 रन से जीत मिली थी।

## भारत ने जापान को हराया, महिला जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल में चीन से होगा सामना

मस्कट ,20 दिसंबर (आरएनएस)।

खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया।

गत चैंपियन भारत ने शनिवार को यहां जापान पर 3-1 की जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखते हुए महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुमताज खान (चौथे), साक्षी राणा (पांचवें), दीपिका (13वें) ने पहले क्वार्टर में गोल किए जबकि जापान के लिए निको मारुयामा ने 23वें मिनट में सांत्वना गोल किया। ज्योति सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए शुरुआती क्वार्टर में यह एकतरफा रहा जब सुनलिता टोप्पो ने खेल के दूसरे मिनट में खतरनाक गेंद को रोकने के लिए तेजी से दौड़कर जापान के ड्रैग-फ्लिक के मौके को विफल कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद गलती का फायदा उठाकर बढ़त बना ली। एक मिनट बाद साक्षी राणा ने एक और मैदानी गोल करके गत विजेता को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने ग्रुप मैच में चीन से मिली हार से



सबक सीखा। पहले क्वार्टर में दो मिनट रहते भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे दीपिका ने गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जापान ने कुछ मौकों पर प्रतिद्वंद्वी सर्कल में घुसने की कोशिश की, लेकिन मजबूत डिफेंस के कारण उन्हें नाकाम कर दिया गया। जापान की खिलाड़ियों ने आखिरकार 23वें मिनट में पहला गोल किया जिससे अंतर कम हुआ और अंत तक यही स्कोर रहा। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना चीन से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में पिछले चरण के उप विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया।

## मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर कैसा है भारत और ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन



नईदिल्ली,20 दिसंबर (आरएनएस)।

भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। फिलहाल 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।अब सीरीज का चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में फिर से बढ़त बनाना चाहेगी।आइए इस मैदान पर दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

भारतीय टीम ने इस मैदान पर 14 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में जीत मिली है और उसने 8 में हार झेली है। इसके अलावा 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।भारतीय टीम का सर्वोच्च स्कोर 465 रन और सबसे कम स्कोर 67 रन रहा है।यहां पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2020 में खेला था, जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था। साल 2018 में भी भारतीय टीम को 137 रन से जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर 116 मुकाबले खेले हैं। उसे 67 मैच में जीत मिली है और उसने 32 में हार झेली है। इसके अलावा 17 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।मेलबर्न के मैदान पर उनका सर्वोच्च स्कोर 624 रन और सबसे कम स्कोर 83 रन रहा है।यहां पर कंगारू टीम ने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2023 में खेला था, जिसमें उसने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 79 रन से हराया था। यहां ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 3 टेस्ट जीते हैं। सचिन तेंदुलकर मेलबर्न में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं। उन्होंने 5 टेस्ट में 449 रन बनाए थे। अजिंक्य रहाणे ने 6 पारियों में 369 रन बनाए थे।विराट कोहली ने यहां 6 पारियों में 316 रन और ऋषभ पंत ने 3 पारियों में 101 रन बनाए हैं।गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने 2 टेस्ट में 15 विकेट और कपिल देव ने भी 3 टेस्ट में 15 विकेट लिए थे। रविंद्र जडेजा ने 2 टेस्ट में 8 विकेट चटकाए हैं। डॉन ब्रेडमैन ने यहां 11 टेस्ट में 128.53 की औसत से 1,671 रन बनाए थे। स्टीव स्मिथ के बल्ले से इस मैदान पर 11 टेस्ट में 1,093 रन (औसत- 78.07) निकले हैं।उस्मान ख्वाजा ने यहां 6 टेस्ट की 10 पारियों में 422 रन बनाए हैं।डेनिस लिली ने यहां 14 टेस्ट में सर्वाधिक 82 विकेट लिए थे। नाथन लियोन ने 13 टेस्ट में 45 और पैट कमिंस ने 7 टेस्ट में 35 विकेट लिए हैं।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25: सैम कोनस्टास ऑस्ट्रेलिया की टीम में हुए शामिल?

नईदिल्ली,20 दिसंबर (आरएनएस)।

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का चौथा मुकाबला मेलबर्न में 26 दिसंबर से खेला जाना है।ऐसे में शेष 2 टेस्ट मैचों के लिए कंगारू टीम का ऐलान कर दिया गया है। ओपनिंग बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी टीम से बाहर हैं और उनकी जगह युवा सैम कोनस्टास को शामिल किया गया है। यह पहला मौका है जब उन्हें टीम के साथ जोड़ा गया है।ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।



19 वर्षीय कोनस्टास ने अपना पहला प्रथम श्रेणी मुकाबला नवंबर, 2023 में खेला था। अब तक उन्होंने 11 मैचों की 18 पारियों में 42.23 की औसत से 718 रन बनाने में सफल रहे हैं।उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 152 रन रहा है।अभी यह खिलाड़ी बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए खेल रहा है। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 56 रन की पारी खेली थी।सीरीज के पहले टेस्ट मैच के बाद प्रधानमंत्री एकादश और भारतीय टीम के बीच 2 दिन का अभ्यास मैच खेला गया था। इस मुकाबले में कोनस्टास ने शानदार शतकीय पारी (107) खेली थी।उन्होंने 97 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 14 चौके और 1 छक्का निकला था। उनकी स्ट्राइक रेट 110.31 की रही थी।कोनस्टास ने मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, हर्षित राणा, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों का सामना किया था। कोनस्टास ने लिस्ट-ए क्रिकेट और टी-20 क्रिकेट में 1-1 मुकाबला खेला है। लिस्ट-ए में उनके बल्ले से 10 रन और टी-20 क्रिकेट में 56 रन निकले हैं।कोनस्टास मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल हुए हैं। मैकस्वीनी ने भारत के खिलाफ पहले 3 टेस्ट की 6 पारियों में 14.4 की औसत से केवल 72 रन बनाए हैं।मैकस्वीनी ने ऑस्ट्रेलिया-ए की ओर से इंडिया-ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में 39 और 88 रन के स्कोर बनाए थे। जोश इंग्लिश को भी टीम में जगह मिली है। इसी तरह चोट से जूझ रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को बुलाया गया है। बोलैंड का दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन था।ऐसी है ऑस्ट्रेलिया की टीम- पैट कमिंस (कप्तान), ट्रेविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झए रिचर्डसन, मिचेल स्टार्क और बाउ वेबस्टर।

# आरबीआई ने सब्सिडी खर्च बढ़ाए जाने पर जताई चिंता, दी सलाह




नई दिल्ली, 20 दिसंबर (आरएनएस)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में राज्यों को चेतावनी दी गई है. आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक कृषि लोन माफी, मुफ्त बिजली और परिवहन जैसी रियायतें देने से उनके सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण संसाधन खत्म हो सकते हैं.

हालांकि, राज्य वित्त: बजट 2024-25 का अध्ययन शीर्षक वाली आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने लगातार तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के लिए अपने सकल राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3 फीसदी के भीतर रखकर राजकोषीय समेकन की दिशा में सराहनीय प्रगति की है.राज्यों ने 2022-23 और 2023-24 में राजस्व घाटे को जीडीपी के 0.2 फीसदी तक सीमित रखा है. रिपोर्ट के अनुसार राजकोषीय घाटे में कमी ने राज्यों को अपने पूंजीगत खर्च को बढ़ाने और खर्च की गुणवत्ता में सुधार करने की गुंजाइश दी है. रिपोर्ट में कहा गया है कि कई राज्यों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने बजट में कृषि लोन माफी, कृषि और घरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त परिवहन, बेरोजगार युवाओं को भत्ते और महिलाओं को नकद सहायता की घोषणा की है. इस तरह के खर्च से उनके पास उपलब्ध संसाधन खत्म हो सकते हैं और महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे के निर्माण की उनकी क्षमता में बाधा आ सकती है. आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार सब्सिडी पर खर्च में तेज वृद्धि ने शुरुआती तनाव का क्षेत्र बनाया है, जो कृषि लोन माफी, मुफ्त/सब्सिडी वाली सेवाओं (जैसे कृषि और घरों को बिजली, परिवहन, गैस सिलेंडर) और किसानों, युवाओं और महिलाओं को कैश ट्रांसफर के कारण है. रिपोर्ट के अनुसार राज्यों को अपने सब्सिडी खर्च को नियंत्रित और युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है ताकि इस तरह के व्यय से अधिक उत्पादक खर्च में बाधा न आए. आरबीआई के अध्ययन के अनुसार उच्च लोन-जीडीपी अनुपात, बकाया गारंटी और बढ़ते सब्सिडी बोझ के कारण राज्यों को विकास और पूंजीगत व्यय पर अधिक जोर देकर राजकोषीय समेकन के रास्ते पर बने रहने की जरूरत है. इसके अलावा व्यय की गुणवत्ता में सुधार भी जरूरी है. हालांकि, राज्यों की कुल बकाया देनदारियां मार्च 2024 के अंत में घटकर 28.5 प्रतिशत रह गई हैं, जबकि मार्च 2021 के अंत में यह जीडीपी का 31 प्रतिशत था. लेकिन यह अभी भी महामारी से पहले के स्तर से ऊपर बना हुआ है.

## विश्व चैंपियन गुकेश ने पैडी अपटन को जमकर सराहा

**नई दिल्ली , 20 दिसंबर (एजेंसी)।** अपटन एक जाने माने मानसिक अनुकूलन कोच है। उन्होंने सिंगापुर में 14 बाजियों के विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के दौरान गुकेश के साथ काम किया था। गुकेश ने हाल ही में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता था। विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन की जमकर प्रशंसा की। गुकेश ने कहा कि इस टूर्नामेंट में मानसिक दबाव से निपटना जरूरी है। उन्होंने अपटन को अपनी जीत का श्रेय दिया और कहा कि उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन के दौरान भावनात्मक दबाव पर काबू पाने में अपटन ने काफी मदद की। अपटन एक जाने माने मानसिक अनुकूलन कोच है। उन्होंने सिंगापुर में 14 बाजियों के विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के दौरान गुकेश के साथ काम किया था। गुकेश ने हाल ही में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता था। 18 वर्षीय गुकेश यह चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। गुकेश सोमवार को स्वदेश पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। गुकेश ने कहा, विश्व चैंपियनशिप सिर्फ शतरंज के चालों के बारे में नहीं है। इससे निपटने के लिए बहुत सारे मानसिक और भावनात्मक दबाव होते हैं।

## आज बाजार में लिस्ट हुआ इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट का आईपीओ

मुंबई, 20 दिसंबर (आरएनएस)।

ब्लैकस्टोन के स्वामित्व वाली इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई) के शेयरों ने शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक व्यापक बाजार के अनुरूप ठोस शुरुआत की. इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) के शेयर 22 फीसदी प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए. आईजीआई के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 504.85 रुपये पर सूचीबद्ध हुए, जो आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) मूल्य 417 प्रति शेयर से 21 फीसदी का प्रीमियम है. एनएसई पर शेयर इश्यू पीस के मुकाबले 22.3 फीसदी बढ़कर 510 प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ.




लिस्टिंग बाजार की उम्मीदों से कम थी क्योंकि शेयर ग्रे मार्केट में इश्यू प्राइस से 38 फीसदी प्रीमियम पर कारोबार कर रहा था.इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) के शेयर आज शेयर बाजार में पहली बार खुले. आईपीओ का प्राइस बैंड 397-417 रुपये था. 4,225 करोड़ रुपये मूल्य के आईपीओ में 35.48 गुना की मजबूत सब्सक्रिप्शन दर देखी गई, जो योग्य संस्थागत खरीदारों की उच्च मांग के कारण हुई, जिन्होंने 48 गुना सब्सक्राइब किया.इस पेशकश में 1,475 करोड़ रुपये का नया इश्यू और 2,750 करोड़ रुपये का ऑफर-फॉर-सेल शामिल है. कंपनी ने इस फंड का यूज आईजीआई बेल्जियम ग्रुप और आईजीआई नीदरलैंड ग्रुप के अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने की योजना बनाई है. हीरे और रंगीन पत्थरों के लिए सर्टिफाइड सेवाएं देने वाली आईजीआई की वैश्विक स्तर पर 33 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है. एक्सिस कैपिटल और कोटक महिंद्रा कैपिटल सहित शीर्ष निवेश फर्मों ने आईपीओ का प्रबंधन किया.

## विनिसियस जूनियर और बोनमाटी को फीफा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

दोहा, 20 दिसंबर (एजेंसी)।

रियल मैड्रिड के स्टार विनिसियस जूनियर को फीफा 'द बेस्ट' पुरस्कार में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुना गया जबकि बार्सिलोना की ऐटाना बोनमाटी ने महिला वर्ग में पुरस्कार जीता। 24 वर्ष के विनिसियस को पछाड़कर अक्तूबर में मैनचेस्टर सिटी के रौड्री ने बलोन डिओर जीता था। इसके विरोध में विनिसियस और मैड्रिड टीम ने पेरिस में पुरस्कार समारोह में भाग ही नहीं लिया था।

इस बार रौड्री पांच अंक से विनिसियस से पिछड़ गए। ब्राजील के फॉरवर्ड विनिसियस फीफा के समारोह में पुरस्कार लेने पहुंचे थे।



उन्होंने कहा, समझ में नहीं आ रहा कि कहां से शुरू करूं। लगा नहीं था कि यहां तक पहुंच सकूंगा। मैं गरीबी और अपराध के लिए बदनाम साओ गोंकालो की गलियों में नंगे पैर सड़क पर फुटबाल खेला करता था। यहां तक पहुंचना मेरे लिए काफी अहम है। मैं उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं जिन्हें लगता है कि सब कुछ असंभव है। स्पेन की मिडफील्डर बोनमाटी ने लगातार दो साल बलोन डिओर जीतने के बाद यह पुरस्कार जीता। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि यह टीम प्रयासों से मिला है। यह साल बहुत शानदार रहा। मैं अपने क्लब, साथी खिलाड़ियों और सभी को धन्यवाद देती हूं। दोनों पुरस्कारों के लिए 11 खिलाड़ियों को नामित किया गया था जिसके बाद मौजूदा कप्तानों, कोचों, प्रशंसकों और मीडिया के वोट से विजेता का चयन हुआ। इसके लिए 21 अगस्त 2023 से 10 अगस्त 2024 के प्रदर्शन को आधार रखा गया।

## तमिलनाडु के सीएम ने विश्व विजेता गुकेश को किया सम्मानित

चेन्नई, 20 दिसंबर (एजेंसी)।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने विश्व शतरंज विजेता पांच करोड़ रुपये का चेक थमाया और शॉल पहनाई। दुनिया के सबसे युवा शतरंज चैंपियन डी गुकेश को मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सम्मानित किया। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम ने विश्व शतरंज विजेता पांच करोड़ रुपये का चेक थमाया और शॉल पहनाई। इस दौरान उन्होंने राज्य में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए और उन्हें तैयार करने के लिए शतरंज अकादमी स्थापित करने का भी एलान किया। सीएम स्टालिन ने कहा, भारत के 85 में से 31 शतरंज ग्रैंडमास्टर तमिलनाडु के हैं।

# सप्ताह के आखिरी दिन रेड जोन में खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 181 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,906 पर

मुंबई, 20 दिसंबर (आरएनएस)।

कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 181 अंकों की गिरावट के साथ 79,036.33 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 23,906.40 पर खुला.






आज के कारोबार के दौरान हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी, धनलक्ष्मी बैंक, टॉलिन्स टायर्स, इंटरग्लोब एविएशन, जोडिएक एनर्जी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग, हुंडई मोटर इंडिया, भारती एयरटेल, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी और एजीएस ट्रांजेक्ट टेक्नोलॉजीज जैसे स्टॉक फोकस में रहेंगे.

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की कटौती की और भविष्य में कटौती की धीमी गति का संकेत दिया, जिससे आज बाजार में भारी बिकवाली हुई. कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 964 अंकों की गिरावट के साथ 79,218.05 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 1.00 फीसदी की गिरावट के साथ 23,957.25 पर बंद हुआ.कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व शामिल हैं, जबकि डॉ रेड्डीज, सन फार्मा और सिप्ला सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले शेयर रहे । फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टरों ने भारी गिरावट के साथ सत्र का बंद हुआ. सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी आईटी, निफ्टी ऑटो और बैंक निफ्टी में देखी गई, जो करीब 2 फीसदी गिरे. निफ्टी आईटी, बैंक निफ्टी और निफ्टी रियल्टी सूचकांकों में भारी गिरावट आई, जिनमें से प्रत्येक में भारी बिकवाली के दबाव में 1 फीसदी से अधिक की गिरावट आई.

# रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रभात फेरी के साथ बौद्धिक परिचर्चा

## 'मेरा युवा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा' थीम पर चतुर्थ दिवस हुए विविध आयोजन

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**अकलतरा, (प्रतिनिधि)।**






शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल (अकलतरा) एवं श्री ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल (अकलतरा) के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम झलमला में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी अरविंद मिरी एवं सुश्री दुर्गा टंडन के निर्देशन में 'युवा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा' थीम पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झलमला में एन.एस.एस का विशेष शिविर का आज चतुर्थ दिवस में स्वयं सेवकों के द्वारा सुबह प्रभात फेरी निकला गया साथ ही 8 बजे से 11 बजे तक ग्राम झलमला में मंदिर प्रांगण, अटल चौक के आपस, रोड, नली, वहां स्थित नलकूप के आस पास सफ़ाई, साथ ही वॉर्ड नंबर 6 और 8 के गलियों में, नायकटाढ़ मोहल्ले के आंगनबाड़ी परिसर, मंदिर और आस पास के नली, और गलियों का सफाई कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूकता फैलाई गई तथा शासकीय हाई स्कूल झलमला के आस पास को सफाई कर स्कूल के बच्चों को डिजिटल साक्षरता के लिए युवा के बारे में विस्तार से समझाया गया साथ ही मानव जीवन में शिक्षक के महत्व को बतलाया गया। 2 बजे से 4 बजे तक संगोष्ठी के कार्यक्रम में मुनीर द्वारा बौद्धिक सत्र में मीडिया की प्रासंगिकता को विस्तार से बतलाए, बौद्धिक सत्र के इस कार्यक्रम में श्री राजकुमार साहू द्वारा मीडिया और जनजागरुकता विषय पर अपनी बात रखते हुवे कहते हैं की न्यूज हमें वर्तमान परिवेश की झलक दिखाता है। इसी कड़ी में डॉ. हरप्रीत कौर (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, कन्या महाविद्यालय जांजगीर) द्वारा सर्वप्रथम स्वयं सेवको को खेल खिलाया गया और स्वयं सेवकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं विवेकानंद जी के व्यक्तित्व को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही एवं रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, डॉ. राकेश सोनी, श्री संतोष कुमार ध्रुव, ओमप्रकाश सोनी, संजीव चौहान, अरविंद मिरी, श्रीमती श्वेता सिंह चंदेल, शारदा शर्मा, गायत्री यादव, अनुज जैन, श्रीमती संध्या सिंह, साक्षी ओयाम, जागृता चौबे, ईशिका सोनी, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, प्रभात कश्यप, भूपेन्द्र कुमार, चंद्ररुपा कश्यप, साक्षी श्रीवास, अशोक पाण्डेय, श्रीमती सुनीता पाण्डेय, पायल दास, सौरभ जायसवाल, रश्मि मरकाम, कृष्णकांत चंद्राकर, मनीष गंधर्व, आकाश दास, नीरज निर्मलकर, बृजनंदन पटेल, द्वाशराम कश्यप, राजेश कश्यप एवं महाविद्यालयीन छात्र - छात्राएं अकविता पांडे, हेमंत सुजान, शारदा साहू, साहिल प्रजापति उमेंश खोटें, सत्यम राठौर, दुर्गेश साहू, रोहिणी, नेतृत्ता साहू, पूनम लहरे, रश्मि समस्त ग्रामवासी हाई स्कूल के स्टाफ, पूर्व माध्यमिक शाला के स्टाफ, समस्त ग्रामवासी, प्यारे बच्चे एवं एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक स्वयं सेविका उपस्थित रहे।

# पृष्ट - 4 का शेष... जुबान नहीं फिसली है, असल बात जुबान पर आ गई है

और नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को वोट भी देते रहे हों। आज भी पिछड़े-दलितों और आदिवासियों के सहज स्वाभाविक नायक जोतीराव फुले, शाहू जी,पेरियार, जगदेव प्रसाद, रामस्वरूप वर्मा, ललई सिंह यादव, बिरसा मुंडा, तिलका मांझी और राष्ट्रव्यापी नायक के रूप में आंबेडकर हैं। आंबेडकर कभी भी द्विज पुरूषों के चहेते नहीं रहे हैं,न आज हैं, न भविष्य में कभी हो सकते हैं।

चूंकि गांधी-नेहरू के कभी अनुयायी रहा अपरकॉस्ट उनका साथ छोड़ चुका और पूरी तरह हिंदुत्वादियों के साथ खड़ा हो गया है, ऐसे में उन पर आक्रामक हमला करना हिंदू राष्ट्रवादियों के लिए आसान हैं। लेकिन आंबेडकर को जो समूह अपना नायक मानता है आज भी उन्हें उतने ही पुरजोर तरीके से उन्हें अपना नायक मानता है, भले ही आंबेडकर का जोर रूप उसे पसंद हो। यह बात बहुजनों, उनमें विशेष तौर दलितों के बारे में पूरी तरह लागू होती है। यदि आज की तारीख में हिंदू राष्ट्रवादी आंबेडकर पर गांधी और नेहरू की तरह आक्रामक और निर्णायक हमला बोल दें, तो बहुजनों का एक बड़ा हिस्सा उनके खिलाफ खड़ा हो जाएगा। यहां तक कि सड़कों पर भी उतर सकता है।

ऐसी स्थिति में हिंदू राष्टवादी आंबेडकर पर निर्णायक हमले के लिए उचित समय का इंतजार कर रहे हैं। यह उचित समय उनके लिए तब होगा, जब वह बहुजनों के एक बड़े हिस्से का हिंदुत्वीकरण (कम से कम राजनीतिक तौर पर) करने में सफल हो जाएं। जिसमें उन्हें आंशिक सफलता भी मिली है। वे पहले बड़े पैमाने पर पिछड़ों का हिंदुत्वीकरण करेंगे और कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में वे पिछड़ों को दलितों से अलग करने की कोशिश करेंगे। जिसमें उन्हें एक हद तक सफलता भी मिलती दिख रही है। इस प्रक्रिया में वे बहुजन अवधारणा को तोड़ेंगे। पिछड़ों से दलितों को अलग-थलग करने के बाद वे दलितों को भी अपने साथ खड़ा करने की कोशिश करेंगे। यदि इसमें सफलता नहीं मिली तो, अपरकॉस्ट और पिछड़ों का गठजोड़ बनाकर वे आंबेडकर यानी दलित वैचारिकी पर निर्णायक हमला बोलेंगे। पिछड़ों को अपरकास्ट के साथ जोड़ने का प्रयोग कल्याण सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ था। जिसे नरेंद्र मोदी (तथाकथित पिछड़े) के नेतृत्व में एक अलग मुकाम तक पहुंचाया जा चुका है।

अंतिम तौर पर आंबेडकर पर हमला बोलने की हिंदू राष्ट्रवादियों की दो रणनीति दिख रही है। पहली नरेंद्र मोदी जैसा या जैसे दलित नेताओं को अपने साथ करके दलितों को हिंदुत्व की राजनीति के लिए पूरी तरह अपने साथ कर लेना और साथ में आंबेडकर का नाम भी लेते रहना। यह भी आंबेडकर पर हमला ही होगा, लेकिन पीठ पीछे से। जिसके कुछ रूप उत्तर प्रदेश बिहार और अन्य जगहों पर दिखाई दे रहे हैं।

यदि इसमें सफलता नहीं मिली तो वे अपरकॉस्ट और पिछड़ों का गठजोड़ का इस्तेमाल आंबेडकर पर निर्णायक हमला के लिए करेंगे। क्योंकि पिछड़े यदि दलितों से अलग हो जाते हैं, तो दलित वोटर एक अल्पसंख्यक वोटर बनकर रह जाएगा। दलितों के सहज-स्वाभाविक राजनीतिक दोस्त मुसमलानों को हिंदू राष्ट्रवादी पहले ही राजनीतिक प्रक्रिया से बाहर करने के तरीके निकाल चुके हैं या निकाल रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे आंबेडकर पर निर्णायक हमला बोलेंगे। लेकिन यह उनका अंतिम विकल्प होगा। जिसका वे सबसे अंत में ही इस्तेमाल करेंगे। इसका क्या परिणाम होगा यह भविष्य के गर्भ में है।


**( सिद्धार्थ रामू स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## रासेयो केसात दिवसीय विशेष शिविर में कवि सम्मेलन आज




**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**अकलतरा, (प्रतिनिधि)।**

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल एवं श्री ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल के संयुक्त तत्वाधान में एन.एस.एस. का सात दिवसीय विशेष शिविर विगत तीन दिनों से ग्राम-झलमला में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी अरविंद मिरी एवं सुश्री दुर्गा टंडन के निर्देशन में 'मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा' थीम के अंतर्गत आयोजित है जिसमें 21 दिसंबर को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें बंशीधर मिश्रा (वरिष्ठ कवि अकलतरा), अमित दुबे (हास्य कवि रायगढ़), हीरामणि वैष्णव (हास्य कवि कोरबा), सुश्री अंजुलता (श्रृंगार रस कवित्री बिलाईगढ़), डीकेश्वर साहू (वीर रस कवि रायपुर), असरफी लाल सोनी (हास्य कवि बिलासपुर), आयुष सिंह (ओजस्वी कवि अकलतरा), संस्कार साहू (सवरस कवि लोरमी) है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शेषराज हरवंश विधायक, पामगढ़ विधानसभा, राघवेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़, गुरुदयाल पाटले सरपंच ग्राम पंचायत तरौद, सौरभ सिंह (बाबा भैया) सामाजिक कार्यकर्ता, राम कुमार पटेल पूर्व अध्यक्ष शाकंभरी बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) होंगे।



## शादी के माहौल में परिवार और दोस्तों को दे ये जिम्मेदारियां, सब कुछ हो जाएगा आसानी से मैनेज

शादी एक ऐसा मौका होता है, जब दो परिवारों का मिलन होता है और यह जीवन का सबसे खास दिन होता है। शादी में होने वाली भागदौड़ को कम करने और अव्यवस्थित कामों को सही तरह से निपटाने के लिए हमें सबसे ज्यादा जरुरत अपनों की होती है, जैसे हमारे दोस्त और रिश्तेदार। ये हमारे सबसे ज्यादा करीबी होते हैं और हमारी पसंद नापसंद, हमारा बजट सब कुछ अच्छी तरह से जानते समझते हैं।

शादी में आए हुए मेहमानों का स्वागत करना और उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाना बहुत जरुरी होता है। इस काम के लिए आप किसी रिश्तेदार या दोस्त को नियुक्त कर सकते हैं जो वेलकम डेस्क पर बैठकर मेहमानों का स्वागत करे। इसके अलावा, वे मेहमानों को शादी के कार्यक्रम के बारे में जानकारी भी दे सकते हैं।

### फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी

फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी किसी भी शादी का अहम हिस्सा होती है। इसके लिए आप उन दोस्तों या रिश्तेदारों को जिम्मेदारी दे सकते हैं जो इस क्षेत्र में रुचि रखते हैं और अच्छे फोटोग्राफर या वीडियोग्राफर बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शादी के दिन के खास पल, जैसे कि मेहंदी, हल्दी, बारात, और रिसेप्शन को कैप्चर करने का काम उन्हें सौंपा जा सकता है।

### संगीत और डांस प्रबंधन

शादी में संगीत और डांस का महत्त्व बहुत अधिक होता है। इस जिम्मेदारी को आप अपने किसी करीबी दोस्त या रिश्तेदार को सौंप सकते हैं जो डीजे का संचालन कर सके या डांस के कार्यक्रम को संभाल सके। इसके अलावा, डांस परफॉर्मेंस, साउंड सिस्टम की जांच और संगीत के चयन में भी मदद की आवश्यकता हो सकती है।

### खाना और कैटरिंग का प्रबंधन

शादी में भोजन का इंतजाम एक बड़ी चुनौती हो सकती है। इस जिम्मेदारी को भी आप अपने परिवार के किसी सदस्य या दोस्त को दे सकते हैं जो कैटरिंग सेवा से संपर्क रखे और मेनू को निर्धारित करे। साथ ही, वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी मेहमानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाना मिल सके।

### समय प्रबंधन

शादी में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का सही समय पर आयोजन होना बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए एक जिम्मेदार व्यक्ति को पूरे कार्यक्रम का समय प्रबंधन करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस काम के लिए आप किसी ऐसे व्यक्ति को चुन सकते हैं, जो समय पाबंद हो।

### आयोजन स्थल की सफाई और व्यवस्था

शादी के आयोजन स्थल पर सफाई और व्यवस्था बनाए रखना बहुत आवश्यक है। इसके लिए एक टीम बनाई जा सकती है जो आयोजन स्थल की सफाई और व्यवस्था की देखरेख करे।

### ब्युटी और मेकअप आर्टिस्ट

आपकी शादी में ब्राइडल मेकअप और हेयर स्टाइल की जिम्मेदारी किसी प्रोफेशनल मेकअप स्टूडियो को दी गयी है या मेकअप आर्टिस्ट आपके वेन्यू पर ही आ रहे हैं, तो आप इसके साथ कुछ करीबी दोस्तों या रिश्तेदारों को मेकअप और हेयर स्टाइल के लिए सहायक भूमिका में रख सकते हैं, जैसे कि मेहंदी, हल्दी, और अन्य रस्मों के दौरान ब्राइडल लुक की देखरेख करना।

> बच्चों का दिमाग़ अच्छे से काम करे उसके लिए उन्हें सही डाइट की ज़रूरत है। अभी से डाइट में ब्रेन फ़ूड शामिल करें जैसे ड्राई फरूट्स, हरी सब्ज़ियाँ, फल, दालें, साबुत अनाज आदि। बीच-बीच में पानी, सूप, जूस लेते रहें। अभी से अच्छी डाइट रखेंगे तब आप परीक्षा के समय एकदम हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहेंगे।



## बोर्ड में अच्छे परफॉर्मेंस के लिए चाहिये स्मार्ट स्टडी

सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं की डेट शीट जारी कर दी है। परीक्षा शुरू होने में अभी लगभग दो महीने से अधिक का समय बाक़ी है। ऐसे में बहुत से बच्चे सब कुछ छोड़कर परीक्षा की तैयारी में बुरी तरह से जुट गये हैं, क्योंकि उनके ऊपर अच्छे मार्क्स लाने का हर तरफ़ से प्रेशर है। हालाँकि, अभी से अगर आप स्मार्ट तरीक़े से स्टडी करते हैं तो आप बिना किसी प्रेशर के परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल कर सकते हैं। चलिए जानते हैं इन तरीक़ों के बारे में-

सही प्लानिंग

परीक्षाओं में अच्छे नंबर लाने के लिए सबसे ज़रूरी है सही प्लानिंग। पूरे सिलेबस को पहले बाँट लें और सबके लिए समय सीमा तय करें। ध्यान रखें परीक्षा के कम से कम दस दिन पहले पूरा सिलेबस ख़त्म हो जाये, जिससे बाद में रिवीजन के लिये समय मिल सके। जो विषय आसान लगते हैं उन्हें कम समय में पहले ही ख़त्म कर लें और मुश्किल विषयों को अच्छे से ज्यादा समय दें।

टाइम-टेबल बनायें

अभी से पाना एक टाइम-टेबल बनायें, जिसमें हर काम का समय तय रखें और परीक्षा ख़त्म होने तक इस टाइम-टेबल को पूरा फॉलो करें। पढ़ाई के घंटे उतने ही रखें जीतने घंटे आप अच्छे से पढ़ सकते हैं। अधिकतर बच्चे ऐसा टाइम-टेबल बना लेते हैं जिसको कुछ दिन बाद फॉलो करना संभव नहीं हो पाता है। इसलिए टाइम-टेबल यथार्थ के क़रीब हो।



एग्जाम फॉर्मेट अच्छे से समझ लें

अभी से परीक्षा के फॉर्मेट को आप अच्छे से समझ लें। छोटे प्रश्न, बड़े प्रश्न, मार्किंग और समय सीमा यह सब अच्छे से देख लें। उसके अनुसार ही पढ़ाई करेंगे तो आपको दिमाग़ में पहले से क्लियर रहेगा कि पेपर को लास्ट में सोल्व कैसे करना है। अगर किसी तरह का कोई कन्फ़्यूशन हो तो इस बारे में टीचर से पूछ लें या फिर आप ऑनलाइन वीडियो की भी मदद ले सकते हैं। पुराने पेपर्स को हल करने की प्रैक्टिस करें।

कॉन्सेप्ट क्लियर रखें

हर टॉपिक को रटने की जगह अच्छे से समझने की कोशिश करें। अगर दिक़्क़त आ रही हो तो आप टीचर या दोस्तों की मदद ले सकते हैं। एक बार कॉन्सेप्ट क्लियर हो जाएगी तो बाद में आपको दिक़्क़त नहीं आएगी।

डाइट का रखें ध्यान

बच्चों का दिमाग़ अच्छे से काम करे उसके लिए उन्हें सही डाइट की ज़रूरत है। अभी से डाइट में ब्रेन फ़ूड शामिल करें जैसे ड्राई फरूट्स, हरी सब्ज़ियाँ, फल, दालें, साबुत अनाज आदि। बीच-बीच में पानी, सूप, जूस लेते रहें। अभी से अच्छी डाइट रखेंगे तब आप परीक्षा के समय एकदम हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहेंगे।

राइटिंग स्किल

परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए आपको अपनी राइटिंग स्किल पर ध्यान देना ज़रूरी है। इसके लिए अभी से टॉपिक ख़त्म होने के साथ ही उससे संबंधित प्रश्न-उत्तर लिखकर देख लें। इससे आपका रिवीजन भी हो जाएगा। कोशिश करें समय सीमा में लिखने की प्रैक्टिस करें।

## महंगी सफेद शॉल पर लग गया है दाग, इन आसान ट्रिक्स से करें साफ...



सर्दियों के मौसम में सफेद रंग के कपड़े खूब पहने जाते हैं, क्योंकि पसीने की वजह से यह ज्यादा गंदे नहीं होते हैं। यही वजह है कि ठंड में लोग सफेद रंग के शॉल खूब पहनते हैं। सफेद रंग देखने में खूबसूरत तो लगता ही है, साथ ही रिच लुक भी देता है। लेकिन, सफेद शॉल पर एक बार दाग लग जाए, तो उसे साफ करने में पसीने छूट जाते हैं।महंगी सफेद शॉल की सफाई करते समय सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि एक गलती से आपकी महंगी शॉल खराब हो सकती है। अगर आपकी भी महंगी सफेद शॉल पर चाय, कॉफी, या खाने का दाग लग गया है, तो यहां हम कुछ टिप्स लेकर आए हैं, जो आपके लिए मददगारी साबित हो सकते हैं। इन टिप्स की मदद से कर सकती हैं महंगी सफेद शॉल की सफाई

दूध और नींबू

सफेद शॉल से दाग हटाने में दूध और नींबू आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए आप सबसे पहले एक कप दूध और आधा नींबू का रस लें। अब दोनों को अच्छे से मिक्स कर दें और शॉल के दाग पर लगाएं। दूध और नींबू के मिक्सचर को थोड़ी देर के लिए शॉल पर लगा रहने दें और फिर थोड़ी देर बाद पानी से साफ कर लें।

ग्लिसरिन

अगर आपकी सफेद शॉल पर चाय या कॉफी का दाग लग गया है, तो इसे साफ करने में ग्लिसरिन आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए आपको सबसे पहले ग्लिसरिन की कुछ बूंदों को दाग पर डालना है और फिर हल्के साथ से रगड़ना है। ग्लिसरिन से साफ करने के बाद आप शॉल की ठंडे पानी में सफाई कर सकती हैं।

नमक

अगर आपकी सफेद शॉल पर फल के रस का दाग लग गया है, तो इसे साफ करने में नमक भी मदद कर सकता है। नमक में ऐसे क्लीनिंग और स्क्रबिंग एजेंट्स मौजूद होते हैं, जो सफाई में मददगारी हो सकते हैं। ऐसे में शॉल के दाग पर नमक डालें और कुछ देर के लिए छोड़ दें, फिर उसे हल्के हाथ से रगड़कर पानी से साफ कर दें।

टमाटर का रस

अगर आपकी सफेद शॉल पर इंक का दाग लग गया है, तो उसे साफ करने में टमाटर का रस मदद कर सकता है। इसके लिए टमाटर के रस की कुछ बूंदे दाग पर लगाएं और फिर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। आखिरी में शॉल की नॉर्मल सफाई कर दें।

दही

अगर शॉल पर तेल का दाग लगा है, तो उसे साफ करने में दही आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले दही लें और उसे दाग पर लगाएं। अब दाग को हल्के हाथ से रगड़ें और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। बाद में शॉल की ठंडे पानी से सफाई कर लें।

बोरिक पाउडर


अगर आपकी शॉल पर लगा दाग काफी पुराना है, तो इसके लिए आप बोरिक पाउडर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। हालांकि, इसका इस्तेमाल करने से पहले एक छोटे हिस्से पर लगाकर इसे जरूर देख लें और फिर बाद में ही पूरी सफाई करें।

सिरका और बेकिंग सोडा

शॉल से दाग हटाने के लिए आप सिरका और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरे में दो चम्मच सिरका, एक चम्मच बेकिंग सोडा और एक कप पानी डालकर मिक्स कर लें। अब मिक्सचर को दाग पर लगाएं और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। आखिरी में शॉल की पानी से सफाई कर लें।

## ऐसे हटा सकती हैं सफेद स्वेटर से पेन का निशान

बच्चे नटखट होते हैं और खेल-कूद में अक्सर ही कपड़ों को गंदा कर लेते हैं। कभी वह कपड़ों पर धूल-मिट्टी के दाग लगा लेते हैं, तो कभी पेन या कलर चलाकर निशान बना लेते हैं। यह दाग सबसे ज्यादा सफेद कपड़ों पर नजर आते हैं, जिन्हें साफ करने में माएं परेशान हो जाती हैं।वहीं, सफेद स्वेटर पर पेन या इंक का दाग लग जाए, तो उसे साफ करना और भी मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि ज्यादा रगड़ने या केमिकल्स से धोने पर ऊनी कपड़े सिकुड़ जाते हैं या फिर उनका टेक्सचर खराब होने का डर का होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि सफेद स्वेटर से पेन के निशान कैसे हटाए जाएं। तो ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यहां हम एक ऐसा आसान हैक लेकर आए हैं, जिसकी मदद से आसानी से सफेद स्वेटर से पेन का निशान हटाया जा सकता है।



सफेद कपड़ों या स्वेटर से पेन का निशान हटाना आसान काम नहीं होता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि धुलाई के समय इंक के फैलने की संभावना होती है। धुलाई के समय एक गलती की वजह से इंक फैलकर पूरा सफेद कपड़ा खराब कर सकती है। ऐसे में आपकी मदद एंटीसेप्टिक लिक्विड कर सकता है। जी हां, आप सोच रही होंगी कि एंटीसेप्टिक लिक्विड से कैसे पेन या इंक का निशान हटाया जा सकता है। तो आइए, आपको यहां बताते हैं कि कैसे एंटीसेप्टिक लिक्विड की मदद से सफेद स्वेटर या कपड़े से पेन या इंक के निशान साफ किया जा सकता है।

पेन या इंक का निशान हटाने के लिए सबसे पहले एंटीसेप्टिक लिक्विड लें। अब डायरेक्ट ही एंटीसेप्टिक लिक्विड को पेन या इंक के निशान पर डालें और हल्के हाथ से रगड़ें। कपड़े को हल्के हाथ से तब तक रगड़ते रहें, जब तक इंक का निशान निकलने न लगे। एंटीसेप्टिक लिक्विड से साफ करने के बाद सफेद स्वेटर या कपड़े की नॉर्मल सफाई करें।


नेल पॉलिश रिमूवर- सफेद स्वेटर या कपड़ों से पेन और इंक के निशान हटाने में नेल पॉलिश रिमूवर भी आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले नेल पॉलिश रिमूवर को एक कॉटन बॉल पर लगाएं और उसे पेन या इंक के निशान पर रगड़ें। अब सफेद स्वेटर की धुलाई करें, यह हैक सफेद कपड़ों से पेन के दाग हटाने में मदद कर सकता है।

नमक- पेन या इंक के निशान हटाने में नमक भी आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले नमक लें और उसे सफेद स्वेटर पर छिड़कें। नमक डालने के बाद थोड़ा-सा व्हाइट विनेगर डालें और हल्के हाथ से कपड़े को रगड़ें। नमक और व्हाइट विनेगर से साफ करने के बाद सफेद स्वेटर की नॉर्मल धुलाई करें।

कॉर्नस्टार्च- सफेद स्वेटर से पेन या इंक के निशान हटाने में कॉर्नस्टार्च भी मददगारी साबित हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच कॉर्नस्टार्च डालें और उसमें थोड़ा-सा दूध मिक्स करें। कॉर्नस्टार्च और दूध का पेस्ट बना लें और उसे पेन के निशान या इंक पर लगाएं और 20 मिनट के लिए छोड़ दें। 20 मिनट के बाद स्वेटर की धुलाई करें।

भौतिक विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के 31 वें सम्मेलन

# विकसित भारत बनाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की भूमिका महत्वपूर्ण- श्री डेका







■ **भौतिक विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के 31 वें सम्मेलन में शामिल हुए राज्यपाल**

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**रायपुर, (ब्यूरो)।**

भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में एक है और 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। ऐसे दौर में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता। जब हम तेजी से तकनीकि प्रगति और वैश्विक चुनौतियों के दौर में आगे बढ रहे हैं तो भौतिक विज्ञान पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह विचार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भौतिक विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के 31 वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अपने उदबोधन में कहा कि दुनिया आज महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, तकनीकि और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रही है। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। वे अत्याधुनिक शोध के माध्यम से इन वैश्विक मुद्दों को हल करने में हमारी मदद कर सकते हैं।

श्री डेका ने कहा कि सम्मेलन का विषय भौतिक विज्ञान में उभरते रूझान इस उभरते क्षेत्र में अपने ज्ञान पर चर्चा करने और उसे बढ़ाने के लिए शोधकर्ताओं को एक साथ लाकर वैज्ञानिक जांच और नवाचार के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान और जैव सूचना विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के वैज्ञानिक इस सम्मेलन में एक साथ उपस्थित हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत की शिक्षा पारिस्थितिक तंत्र को बदलने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखा है। यह अनुसंधान नवाचार और आलोचनात्मक सोच के महत्व पर जोर देता है। यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरक का काम करेगी। सम्मेलन युवा और नवोदित वैज्ञानिकों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड के माध्यम से अपने संभावित शोध को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। स्नातकोत्तर छात्रों को शामिल करना और उनकी पोस्टर प्रस्तुतियां इस दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ज्ञान, विचारों और अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण शोध और अभिनव समाधानों के लिए यह सम्मेलन उत्प्रेरक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर स्वागत भाषण रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद ने दिया। प्रोफेसर कल्लोल घोष ने सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। भौतिक विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर एच.एस. धामी और केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर प्रसाद ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर शब्दकोश का विमोचन किया गया। राज्यपाल श्री डेका ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के एनालॉटिकल इंस्ट्रूमेंट लेबोरेटरी और नवप्रवर्तन प्रौद्योगिकी और उद्यमिता फाउंडेशन का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने सभागार परिसर पर पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, विद्वान, विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गांव से राजधानी तक

# सिंचाई कॉलोनी की जमीन पर क्या बनेगा


तपन मुखर्जी

राजधानी रायपुर शहर के बीचों बीच 19 एकड़ की बेकीमती जमीन खानी पड़ी है। यहां तोड़े गए मकान के मलबे पड़े हुए हैं। लोग कचरा फेंक रहे हैं। यहां 100 साल पुरानी सिंचाई कॉलोनी के मकानों को तोड़ा गया है। तोड़ फोड़ कर कॉलोनी के 19 एकड़ जमीन पर आखिर क्या बनेगा। 5 साल से ये सवाल एक अधर में लटका हुआ है ।तीन प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए इन पर कोई काम नहीं हुआ। 5 साल हो गए खाली पड़े। कुछ विभागों से प्रोजेक्ट बनवाए गए। समितियां बनाई गई। कोई प्रोजेक्ट स्वीकृत नहीं हुआ ।नयी सरकार ने तीनों प्रोजेक्ट खारिज कर दिए और अब नए सिरे से प्रोजेक्ट आमंत्रित किए गए है। खाली जमीन पर आसपास के लोग कचरा फेंक रहे हैं। वाहनों की पार्किंग की जा रही है।

सबसे पहले 2019 में 600 करोड़ का हाउसिंग प्लान बनाकर तैयार किया गया था। यहां बने 200 मकान को करीब 1 महीने में तोड़ा गया था। इसलिए मकान की प्लानिंग की गयी थी। फिर कमर्शियल और आवासीय परिसर बनाने का प्रोजेक्ट तैयार किया गया ।उसके बाद 12 एकड़ जमीन पर प्लाटिंग कर टुकड़ों में बेचने का प्लान बनाया गया। तीनों प्लान रिजेक्ट हो गये। बहरहाल यह सवाल मुंह बायें खड़ा है कि इस जमीन पर आखिर क्या बनेगा।

***झारसुगुड़ा के लिए हवाई सुविधा नए साल की शुरुआत***

जनवरी से रायपुर से झारसुगुड़ा विमान सेवा शुरू होने की संभावना बताई जा रही है। स्टार एयर विमान कंपनी यह सेवा शुरू करने जा रही है। कंपनी हैदराबाद -झारसुगुड़ा-रायपुर- झारसुगुड़ा हवाई यात्रा शुरू करने जा रही है। रायपुर को अब एक और नई रेल सुविधा मिल सकेगी।

***अंबिकापुर हवाई सुविधा से जुड़ा***

छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर अब हवाई सुविधाओं से जुड़ चुका है। यहां के हवाई अड्डे दरिमा से से बिलासपुर और रायपुर के लिए हवाई सुविधा शुरू कर दी गई है। पहले दिन अंबिकापुर से फ्लाइट बिलासपुर आई। यह 40 मिनट की हवाई यात्रा थी। कल 18 यात्री चक्रभाता हवाई अड्डे बिलासपुर पर उतरे इनमें से पांच एरोड्रम कर्मचारी थे यह सभी उसी फ्लाइट से वापस भी चले गये ।यह फ्लाइट बिलासपुर से अंबिकापुर होते हुए रायपुर जाती है। इसमें कोई दो घंटे का वक्त लगता है। यानी बिलासपुर से रायपुर जाने में देरी लगती है। इतने वक्त में ट्रेन बस या टैक्सी से रायपुर बिलासपुर का सफर किया जा सकता है। फिलहाल यह सेवा तीन दिन के लिए चल रही है गुरुवार शुक्रवार और शनिवार।

# गणतंत्र दिवस : कलेक्टर ने ली तैयारियों के संबंध में बैठक

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**रायपुर, (ब्यूरो)।**

**पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 गरिमापूर्ण आयोजित करने के लिए कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।**

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग के उत्कृष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची तैयार करें। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ध्वजारोहण, मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल पर परेड कार्यक्रंम, भाग लेने वाली टुकड़ियों का निर्धारण एवं रिहर्सल, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों तथा उत्कृष्ठ झांकी को पुरस्कार वितरण के साथ ही कार्यक्रम के उद्घोषक का निर्धारण किया जाना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार पार्किंग एवं ट्रेफिक व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति का निर्देश दिया। पुलिस परेड ग्राउंड में साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय इत्यादि की व्यवस्था के निर्देश दिए। साथ 24 जनवरी को रिहर्सल का भी निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# संयुक्त जांच टीम ने परिवहन उल्लंघन के नियमों पर 17 वाहनों पर 3 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

■ **बिना तारपोलिन के परिवहन, ओव्हर लोडिंग के मामलों पर की गई कार्यवाही**

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**रायगढ़, (ब्यूरो)।**

कलेक्टर के निर्देशन में जिले में कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों के द्वारा नियमों के पालन की जांच हेतु संयुक्त जांच दल गठित की गई है जिनके माध्यम से लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस संयुक्त दल द्वारा जांच करने पर विभिन्न उद्योगों के 17 वाहनों पर परिवहन नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए 3 लाख रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इसी तरह परिवहन विभाग द्वारा जांच के दौरान बिना तारपोलिन के परिवहन, ओव्हर लोडिंग एवं ट्राली से ऊंचाई तक परिवहन किए जाने पर विभिन्न वाहनों पर कुल 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। संयुक्त जांच अभियान में परिवहन विभाग, खनिज विभाग, पर्यावरण संरक्षण मंडल और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी शामिल थे।



क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी श्री अंकुर साहू ने बताया कि कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने वाले वाहनों का उपयुक्त प्रकार से कव्हर्ड किये जाने बाबत् स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर पालन की जांच करने हेतु गठित जिला स्तरीय जांच कमेटी द्वारा 19 दिसम्बर 2024 को रायगढ़ से घरघोड़ा के मध्य वाहनों की सघन जांच की गई। पर्यावरण विभाग रायगढ़ द्वारा क्षतिग्रस्त वाहन द्वारा परिवहन करने ट्रॉली में 05 से.मी.फ्री बोर्ड स्पेस नहीं होने, संबंधित नोडल का नाम वाहन पर नहीं होने एवं समुचित रूप से तारपोलिन से ढके बिना, कच्चे माल, उत्पाद, अपशिष्ट परिवहन करने पर उद्योग मेसर्स स्केनिया स्टील एण्ड पॉवर्स लिमिटेड, ग्राम-पूंजीपथरा, मेसर्स एनआर स्टील एण्ड फेरो प्राईवेट लिमिटेड पूंजीपथरा, मेसर्स सिंघल इन्टरप्राईजेस ग्राम-तराईमाल, मेसर्स श्री श्याम इस्पात (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड ग्राम-तराईमाल रायगढ़ के 9 वाहनों पर 2 लाख 60 हजार रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही इस सप्ताह गिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों द्वारा एसओपी का पालन नहीं किये जाने पर 6 उद्योगों के 8 वाहनों पर 40 हजार रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। परिवहन विभाग द्वारा बिना तारपोलीन परिवहन पर 10 हजार, ओवर लोडिंग पर 30 हजार एवं ट्राली से ऊंचाई तक परिवहन किये जाने पर 40 हजार रूपये इस तरह विभिन्न वाहनों पर कुल 80 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया।

# जिले में अब तक 562 करोड 83 लाख रूपये से अधिक का हुआ धान खरीदी



**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**गरियाबंद, (ब्यूरो)।**

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिले में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी है। 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 24 लाख 46 हजार 70 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 54 हजार 903 किसानों ने 562 करोड़ 83 लाख रुपए से अधिक का धान बेच चुके है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। सभी समितियों में धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये गये है। जिससे पंजीकृत किसान सुविधाजनक रूप से अपना धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए गरियाबंद जिले में 90 हजार 970 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 4662 नये किसान शामिल है। इस वर्ष 90 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 36 हजार 768 मेट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी हैं। जिले में अवैध धान बिक्री, खरीदी एवं परिवहन के प्रकरणों में धान जप्ती की कार्यवाही भी लगातार की गई है। किसी भी स्तर की गड़बड़ी रोकने के लिए एवं जिले में सतत् निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट में बनाया गया है, साथ ही नोडल अधिकारी भी क्षेत्रों का दौरा कर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा ले रहे है।

# कुख्यात अपराधी रंजन के खिलाफ़ प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**बिलासपुर, (ब्यूरो)।**

कुख्यात बदमाश रंजन गर्ग ने शहर से लगे मस्तूरी नेशनल हाइवे के पास एक एकड़ सरकारी बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर फार्म हाउस बना लिया है, जिस पर शुक्रवार को प्रशासन बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया । रंजन गर्ग मर्डर भी कर चुका है। बता दें कि स्थानीय लोगों ने इस अवैध कब्जे की शिकायत की थी, जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए राजस्व और पुलिस अफसरों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, आदतन अपराधी रंजन गर्ग ने शहर से लगे मस्तूरी नेशनल हाईवे के ग्राम पंचायत ढेका पंचायत की अरपा नदी किनारे स्थित करीब एक एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिसमें उसने फार्म हाउस बनाया है।





ग्राम महमंद क्षेत्र मे खसरा नंबर 257 के अंश भाग (लगभग 1 एकड़) पर रंजन गर्ग द्वारा अतिक्रमण की लिखित शिकायत जनदर्शन मे कलेक्टर बिलासपुर श्री अवनीश शरण को प्राप्त हुई। जिस पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कलेक्टर बिलासपुर ने अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर एवं संबंधित तहसीलदार को जांच कर विधिवत कार्रवाई के निर्देश दिए।उक्त प्राप्त शिकायत को कलेक्टर बिलासपुर ने समय सीमा के प्रकरण मे दर्ज कर बिलासपुर एस डी एम को प्रेषित भी किया। जिस पर एसडीएम पीयूष तिवारी के निर्देश पर संबंधित तहसीलदार ने तत्काल हल्का पटवारी से जांच रिपोर्ट आहूत की एवं शासकीय भूमि पाए जाने पर नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई की गई। मौके पर यह देखा गया कि लगभग 50-100 की संख्या मे पुलिस बल एवं सीएसपी कोतवाली, एसडीएम बिलासपुर, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी तोरवा सभी उपस्थित थे।कलेक्टर बिलासपुर का यह साफ़ संदेश है कि अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई इसी प्रकार होती रहेगी।

# खाद्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक

## धान खरीदी के साथ ही धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश, अब तक 63.14 लाख मीट्रिक टन धान की हो चुकी है खरीदी

■ **धान खरीदी के एवज में 13.19 लाख किसानों को 14059 करोड़ रूपए का हो चुका है भुगतान**

■ **अब तक के कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डिओ और टीओ जारी**

**लोकसदन 20 दिसम्बर 2024**
**रायपुर, (ब्यूरो)।**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ विधानसभा स्थित मुख्य समिति कक्ष में मंत्री मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था सहित कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव, किसानों के लिए पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था, टोकन की स्थिति सहित विभिन्न किसान हित से जुड़े मुद्दे की समीक्षा की गई। बैठक में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को विक्रय में सहुलियत प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में धान खरीदी सुव्यस्थित हो तथा किसानों को सरलता के साथ बारदाना उपलब्ध हो इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में धान उठाव और कस्टम मिलिंग, केन्द्रीय पूल और छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराने तथा परिवहन के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वर्तमान में राज्य में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है।

बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 14 नवम्बर 2024 से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत अब तक 63.14 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में राज्य 13.19 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 14058 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। धान के उठाव में तेजी लाने के प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किए गए हैं। अब तक कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डिओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा अब तक लगभग 10 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

बैठक में खाद्य विभाग के सचिव अन्बलगन पी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती रेणु जी पिल्ले, वित्त विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, सहकारिता विभाग के आयुक्त कुलदीप शर्मा, खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र कुमार शुक्ला, कृषि विभाग के संचालक डॉ. सरांश मित्तल, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा, अपेक्स बैंक के ओएसडी अविनाश कुमार श्रीवास्तव, खाद्य विभाग के संयुक्त सचिव जी.एस. सीकरवार सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कमल रोहरा के लिए डीबी कार. लिमिटेड , नियर नर्मदा कोल्ड ड्रिंक्स सिरगिट्टी, बिलासपुर ( छत्तीसगढ़ ) द्वारा मुद्रित और रानी रोड , कोरबा 495677 छग से प्रकाशित। संपादक-कमल रोहरा। मो. नं.-98279-45101